दैनिक
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली | सोमवार 13 जनवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 25 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# आखिरकार नहीं बनी भगवा जनप्रतिनिधियों में किसी एक नाम पर सहमति वाली बात

## सबने तीन-तीन नामों के पैनल बनाकर भेज दिये लखनऊ वालों के पास



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष पद को लेकर शुरू हुई रेस में आम सहमति वाला एक फेस नहीं आ सका। दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही इस बात के संकेत दिये थे कि आम सहमति बनती नजर नहीं आ रही है। यहां नामों को लेकर अपनी-अपनी पसंद वाला पेंच फंसेगा और ठीक वैसे ही हुआ।

बैठक भी हुई, जनप्रतिनिधि भी पहुंचे, लेकिन बात नहीं बनी और अब सभी ने अपने-अपने पैनल के नाम भेज दिये हैं। जनप्रतिनिधियों की ये बैठक शनिवार को हुई। शनिवार को ये बैठक पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में हुई। इसका समय सुबह साढ़े ग्यारह बजे का रखा गया था। इस बैठक में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल, विधायक अजीतपाल त्यागी, मेयर सुनीता दयाल और पूर्व मेयर अशु वर्मा भी पहुंचे। सूत्र बताते हैं कि सबने अपने-अपने नाम रखे, लेकिन सहमति नहीं बनी और फिर अब अपने-अपने पैनल के नाम लखनऊ भेज दिये गये हैं।

### शहर विधायक संजीव शर्मा देकर अपने नाम चले गए मल्लिकार्जुन धाम



करंट क्राइम। जब जनप्रतिनिधियों को आम सहमति बनानी थी तब महानगर अध्यक्ष और शहर विधायक संजीव शर्मा ने इस बैठक से दूरी बना ली। बताते हैं कि शहर विधायक संजीव शर्मा इस बैठक में नहीं पहुंचे और वो अपने नाम देकर मल्लिकार्जुन धाम दर्शन के लिये चले गए। वो महानगर अध्यक्ष भी हैं और शहर विधायक भी हैं। उनकी पसंद के नामों पर सभी की नजर थी, लेकिन बैठक से पहले उनका इस तरह से जाना चर्चा का विषय बना रहा।

### राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप का अंदाज 'ना काहू से दोस्ती, ना काहू से बैर'



करंट क्राइम। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप शुरू से ही अपने को तटस्थ मोड में रखकर चल रहे हैं। उनका अंदाज ऐसा है कि ह्यना काहू से दोस्ती, ना काहू से बैरह्न। नरेंद्र कश्यप भी इस बैठक से दूरी बना गए। वो सहमति बनाने वाली बैठक में नहीं पहुंचे। हालांकि बताया ये जाता है कि उनके कई कार्यक्रम पहले से ही तय थे। चर्चा ये भी है कि वो अपनी पसंद के नाम दे चुके हैं।

### और इस तरह से जनप्रतिनिधियों की जुबान पर आए वैश्य-ओबीसी और त्यागी चेहरों के नाम

करंट क्राइम। आम सहमति बनाने के लिये पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में सांसद, विधायक, मेयर, एमएलसी एक साथ बैठे। सूत्र बताते हैं कि यहां एक जनप्रतिनिधि ने एक वैश्य नाम को तवज्जो दी। इसके बाद महानगर की प्रथम नागरिक के मुख पर भी यही वैश्य नाम था। इसके बाद सीन में विधायक नंबर वन आए और जब उनका हैवीवेट पैनल आया तो बताया ये जाता है कि उस पैनल में दो वैश्य और एक त्यागी चेहरे का नाम आया। सूत्र बताते हैं कि इसी रायशुमारी बैठक में एक विधायक ने एक ओबीसी चेहरे, एक वैश्य चेहरे और एक त्यागी चेहरे पर अपनी मुहर लगाई। सूत्र बताते हैं कि इस बैठक में एक जनप्रतिनिधि ऐसे भी थे जिन्होंने पहले एक वैश्य नाम दिया फिर बाद में एक त्यागी नाम एड हुआ और तीसरा नाम उन्होंने जनप्रतिनिधियों पर छोड़ा।

इन एक जनप्रतिनिधि ने पहले वैश्य नाम दिया, फिर उन्होंने बाद में एक त्यागी नाम भी जुड़वा लिया। इसके बाद उन्होंने कैबिनेट वालों से कहा कि अब इसके बाद आप जिसका चाहे तीसरा नाम जोड़ दीजिए मुझे स्वीकार है। सूत्र बताते हैं कि सांसद पैनल से एक ओबीसी चेहरे का नाम गया है। एक नाम उनके प्रिय पुराने युवा चेहरे का है जो लगभग दस साल बाद अचानक सक्रिय हुए हैं और यहां तीसरा नाम किसी वैश्य चेहरे का बताया जाता है। सूत्र बताते हैं कि जिन्हें लोकप्रिय विधायक बताया जाता है उन्होंने अपनी पसंद के एक ओबीसी और एक वैश्य चेहरे का नाम भेजा है। उन्होंने एक तीसरा नाम भी दिया है और एक नाम को लेकर अभी यह डाउट है कि यह नाम किसी त्यागी चेहरे का है या किसी ठाकुर चेहरे का है। फिलहाल ये पूरा मामला चर्चा बेस्ड है और कौन-कौन सा फेस है ये लखनऊ से ही स्पष्ट होगा।



### जिसकी लखनऊ में चलेगी, उसकी अध्यक्षी वाली दाल गलेगी

करंट क्राइम। पैनल वाले नाम में सीन आखिर तीन वाला हो गया। एक नाम पर सहमति नहीं बनी और अब बॉल लखनऊ वाले पाले में हैं। लोकसभा सांसद, कैबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, विधायक, एमएलसी और मेयर ने अपने-अपने नाम दे दिये हैं। सूत्र बताते हैं कि अब जिसकी भी लखनऊ में चलेगी। उसी की अध्यक्षी वाली दाल गलेगी। असली फाइट अब शुरू हुई है कि कुछ ने तो लखनऊ में डेरा डाल लिया है और कुछ फोन के माध्यम से लगातार कनेक्ट हैं।

### सबसे पहले पहुंचे एमएलसी दिनेश गोयल और फिर सबसे बाद पहुंची मेयर सुनीता दयाल





करंट क्राइम। शनिवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में भाजपा जनप्रतिनिधियों की एक बैठक हुई। इस बैठक में राइट समय पर एमएलसी दिनेश गोयल पहुंचे। उसके बाद पूर्व मेयर अशु वर्मा पहुंचे। 12 बजे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पहुंचे। इसके बाद मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी पहुंचे और 12 बजकर 14 मिनट पर लोकसभा सांसद अतु गर्ग की एंट्री हुई। इसके ठीक दस मिनट बाद मेयर सुनीता दयाल पहुंची। सूत्र बताते हैं कि यहां चर्चा दस से बारह नामों पर हुई है और हर जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने नाम को बेस्ट बताया।

### इतनी सी कहानी है बस कि पैनल में नाम गए हैं दस

करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि भले ही सबने तीन-तीन नाम दिये हैं, लेकिन इन तीन नामों का सीन भी 10 से 12 नामें के बीच है। इन नामों में वो नाम भी गए हैं जो एक फैक्टर वाले पेंच में फंसेंगे। इनमें गौरव चोपड़ा और संजय कुशवाहा का भी बताया जाता है। इसके अलावा जिन नामों के यहां से पैनल में आकर लखनऊ वाले चेनल तक पहुंचने की चर्चा है उनमें मानसिंह गोस्वामी, पवन गोयल, मयंक गोयल, प्रेम त्यागी, पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, राजेश त्यागी और बोबी त्यागी के नाम बताए जा रहे हैं। इसके अलावा अन्य नाम भी हो सकते हैं, लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि पूरी धुरी इन दस से बारह नामों के बीच घूम रही है।

# ठंड और शीत लहर के चलते 18 जनवरी तक कक्षा 8 तक के स्कूल रहेंगे बंद




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड और शीतलहर के कारण दिल्ली से सटे गाजियाबाद जिले में कक्षा 8 तक के सभी स्कूल 18 जनवरी तक बंद रहेंगे। जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने यह आदेश जारी किया है। हालांकि, स्कूल का पूरा स्टाफ विद्यालय में उपस्थित रहेगा और सभी कर्मचारी अपने कार्यालयों और विभागों से जुड़ी जिम्मेदारियों को पूरा करेंगे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जिले में सर्दी के चलते कक्षा एक से आठवीं तक के सभी बोर्ड से संबंद्ध स्कूलों को 18 जनवरी तक बंद रखने का आदेश दिया है। सभी स्कूलों को आदेश का कड़ाई से पालन करना होगा। आदेश का पालन नहीं होने पर स्कूल कार्रवाई के दायरे में आएंगे। इससे पहले जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कक्षा आठवीं तक के सभी स्कूलों को 11 जनवरी तक बंद रखने के आदेश जारी किए थे।

यह आदेश सभी सरकारी और निजी स्कूलों पर लागू होगा। सीबीएसई, आइसीएसई, वित्त विहीन, शासकीय और अशासकीय स्कूल भी इस आदेश के दायरे में रहेंगे।

**ठंड बढ़ने की आशंका :** मौसम विभाग ने अगले 2-3 दिनों में उत्तर पश्चिम भारत में घने से बहुत घने कोहरे की संभावना जताते हुए चेतावनी जारी की है।

# जीआरपी ने 144 यात्रियों को लौटाए गुम हुए मोबाइल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीआरपी पुलिस ने एक सराहनीय काम करते हुए रेल यात्रियों के चोरी और गुम हुए 144 मोबाइल फोन उनके मालिकों को वापस लौटाए हैं। सीओ जीआरपी सुदेश गुप्ता के अनुसार, इन फोनों की कुल कीमत 23 लाख 30 हजार रुपये है।

पुलिस ने बताया कि कई फोन ईमानदार नागरिकों द्वारा स्टेशन पर जमा कराए गए थे। कुछ फोनों को ट्रैक करने के लिए सर्विलांस टीम ने आईएमईआई नंबर के माध्यम से लोकेशन का पता लगाया।फोन वापस पाने वालों में मनीष गुप्ता और देवी चरण जैसे यात्री शामिल हैं।

देवी चरण का फोन मेरठ में ट्रेन में चढ़ते समय चोरी हुआ था। फोन पाने वाले यात्रियों ने जीआरपी की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि फोन खोने के बाद उन्हें वापस मिलने की उम्मीद नहीं थी। महंगे फोन और उनमें संग्रहित महत्वपूर्ण डेटा को वापस पाकर वे बेहद खुश हैं।



# कांग्रेस विधायक की कार को ट्रक ने कुचला पत्नी-बेटी समेत आठ लोग घायल, दो गंभीर

## महाकुंभ जा रहा था परिवार



**सोनभद्र।** सोनभद्र में म्योरपुर के मुर्धवा-बीजपुर मार्ग पर रविवार सुबह नधिरा मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में छतीसगढ़ के कांग्रेस विधायक इंद्र कुमार साहू और उनके परिवार के साथ अन्य लोग घायल हो गए। वाहनों की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सभी को अस्पताल भेजा गया।

विधायक अपने परिवार के साथ बलरामपुर से प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए जा रहे थे। रास्ते में उनकी गाड़ी को सामने से आ रही अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ छतीसगढ़ पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए।

घायलों को म्योरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया। सीएचसी में इलाज कर रहे डॉक्टर अंकित सिंह ने बताया कि दुर्घटना में कुल आठ लोग घायल हुए हैं। दो की हालत गंभीर है।

**मची चीख-पुकार, आसपास के लोगों ने पहुंचाया अस्पताल :** घायलों में विधायक इंद्र साहू (58), पत्नी प्रतिमा साहू (53), बेटी श्रुति साहू (27), स्वाति साहू (25) के अलावा मनोरमा साहू (32) पुत्री राजेंद्र साहू, सरस्वती साहू (53) पत्नी राजेंद्र, गनर तोकेश्वर यादव (28) पुत्र मखखन लाल, चालक द्वारिका साहू (40) शामिल हैं।

इनमें से दो लोगों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, विधायक के ड्राइवर द्वारिका ने बताया कि ट्रक चालक ओवरटेक करने के प्रयास में वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और हमारी गाड़ी को टक्कर मार दी।

यह दुर्घटना रायपुर से लगभग 100 किलोमीटर दूर बल्होदा बाजार, भाठापारा (छत्तीसगढ़) से प्रयागराज के महाकुंभ स्नान के लिए जाते समय हुई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की तत्परता से घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई।

# बदायूं एसएसपी दफ्तर में खुद को आग लगाने वाले गुलफाम की मौत

## विधायक महेश चंद्र गुप्ता और पुलिस पर लगाए थे आरोप



**बदायूं।** 1 जनवरी को बदायूं एसएसपी दफ्तर में खुद को आग लगाने वाले बदायूं के मोहल्ला नई सराय निवासी गुलफाम की भोजीपुरा के मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। घटना के बाद से ही गुलफाम का यहां उपचार चल रहा था। पत्नी से उसकी मुकदमेबाजी चल रही थी।

घटना के बाद उसने बदायूं शहर से भाजपा विधायक महेश चंद्र गुप्ता पर आरोप लगाया था कि उन्होंने पुलिस को कॉल करके आरोपियों पर कार्रवाई न करने को कहा था। सीओ सिटी ने उसे डोडा में जेल भेजने की धमकी दी। बदायूं कोतवाल पर भी दूसरे पक्ष से मिलीभगत का आरोप लगाया था। अब रविवार सुबह गुलफाम की मौत के बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस लाया गया है। यहां उसके परिवार का कोई सदस्य नहीं है। पुलिस जल्दी पोस्टमार्टम कराकर शव ले जाना चाहती है और किसी से बात नहीं कर रही है।

**विधायक और एसएसपी ने दी थी सफाई :** उस वक़्त आरोपों में घिरे भाजपा के नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि मैं तो उस युवक को जानता भी नहीं हूं।

मुझे जानकारी मिली थी। उसके बाद मैंने पुलिस से पता किया तो पता चला कि वह पहले भी आत्मदाह का प्रयास कर चुका हैं। उसका पत्नी से विवाद चल रहा है।

एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया था कि युवक का ससुरालियों से दो साल से विवाद चल रहा है। इस मामले में कोतवाली, सिविल लाइंस और मुजरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज है। दो दिन पहले इसके खिलाफ छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

# मौसम ने ली करवट : मुरादाबाद में रातभर बारिश और हवाओं से ठिठुरन बढ़ी, मौसम विभाग का अलर्ट जारी





मुरादाबाद। मुरादाबाद में रविवार की सुबह तेज हवाओं के साथ मौसम ने ठिठुरन बढ़ा दी। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ हल्की धूप निकलने से लोगों को थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में बारिश की संभावना जताई है, जिससे ठंड और बढ़ सकती है।

**ठंड और बारिश का मिला-जुला असर :** शुक्रवार सुबह से निकली धूप ने लोगों को ठंड से राहत दी थी, लेकिन शाम होते ही आसमान में बादल छा गए। तेज हवाओं ने ठंड बढ़ा दी और रात में हुई जोरदार बारिश ने ठिठुरन को और बढ़ा दिया। शनिवार सुबह करीब आठ बजे धूप निकली और दोपहर तक अच्छी धूप रही। लेकिन शाम होते ही तेज हवा चलने लगी और आसमान में बादल छा गए। रात करीब 10 बजे शुरू हुई बारिश ने धीरे-धीरे जोर पकड़ लिया और आधी रात तक भारी बारिश होती रही।

**मौसम विभाग के आंकड़े :** शनिवार को मुरादाबाद का अधिकतम तापमान 18.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.2 डिग्री अधिक था। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में 0.5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। वातावरण में नमी सुबह के समय 85% और शाम को 74% दर्ज की गई। हवा की गति 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटा रही।

पंतनगर विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि बारिश का मुख्य कारण पश्चिमी विक्षोभ है। इसके प्रभाव से मुरादाबाद सहित आसपास के क्षेत्रों में बारिश हो रही है। रविवार को भी आसमान में बादल छाने और बारिश होने की संभावना है। इसके बाद मौसम साफ होने के साथ कड़ाके की ठंड बढ़ने की संभावना है।

मौसम में अचानक आए इस बदलाव से लोग सतर्क हो गए हैं। ठंड से बचने के लिए बाजारों में गर्म कपड़ों और हीटर की मांग बढ़ गई है। विशेषज्ञों ने लोगों को सावधानी बरतने और ठंड से बचने के लिए पर्याप्त इंतजाम करने की सलाह दी है।

**कोहरे में आठ वाहन टकराए :** कटघर क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर जीरो प्वाइंट के पास घने कोहरे के कारण एक के बाद एक आठ वाहन टकरा गए। हादसे में पुलिस का वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। दो पुलिसकर्मियों व अमेरिका से लौट रहे पीलीभीत निवासी गुरुदेव समेत 12 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। यह हादसा बृहस्पतिवार सुबह करीब सात बजे हुआ।

हादसे के कारण करीब तीन घंटे तक हाईवे पर जाम लगा रहा। कटघर थाना क्षेत्र में जीरो प्वाइंट के पास घने कोहरे में ट्रक ने नेपाल जा रही टूरिस्ट बस को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बस अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकराकर रुक गई। तभी पीछे से आ रही पिकअप और कार भी उससे टकरा गई।

# सीएम योगी ने कहा- राष्ट्र धर्म ही सबके लिए सर्वोपरि होना चाहिए, 'गर्व से कहो हम हिंदू हैं'



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने उस कालखंड में जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था, वैश्विक पटल पर सनातन वैदिक संस्कृति को प्रभावी ढंग से प्रतिष्ठित किया। इस युवा सन्यासी ने अपने विचारों और आचरण की साम्यता से राष्ट्र के प्रति चेतना जागृत करने के बड़ी भूमिका निभाई है। गुलामी के कालखंड में सनातन वैदिक मूल्यों की चर्चा दुरूह होने के बावजूद स्वामी विवेकानंद ने ह्यगर्व से कहो हम हिंदू हैंह्न का उद्घोष किया। सीएम योगी रविवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस नगर कॉलोनी में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती ह्ययुवा दिवसह्न के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद विद्यालय के पूर्व छात्रों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। विद्यालय के रज्जू भैया सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद जयंती पर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि महज 42 वर्ष की उम्र में नश्वर काया को छोड़ देने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव भारत और भारतीयता की बात की। उनकी जयंती पर आज पूरा देश उन्हें भारत माता के महान सपूत और राष्ट्रीय-आध्यात्मिक गुरु के रूप में याद कर उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रहा है।

**राष्ट्र धर्म ही सबके लिए सर्वोपरि होना चाहिए :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शिकागो समिट में जब भारतीय सनातन मूल्यों को वैश्विक मंच पर रखा तो उनके वक्तव्य को सुनकर दुनिया मंत्रमुग्ध और भाव विभोर हो गई। कहा, स्वामी विवेकानंद ने सबको जागरूक करते हुए कहा था कि सनातन धर्म सबसे प्राचीन धर्म है। हर भारतवासी को इस पर गौरव की अनुभूति करनी चाहिए। उनकी शिक्षा है कि हम सबका एक ही धर्म होना चाहिए, राष्ट्रधर्म। उन्होंने कहा कि भारत ने स्वामी विवेकानंद के विचारों का अनुसरण किया तो देश को आजाद होने में समय नहीं लगा।

# चुनाव लड़ने के लिए आतिशी ने जनता से मांगा चंदा




**नई दिल्ली।** दिल्ली की कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहीं आतिशी ने अपने चुनाव खर्च के लिए शनिवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस करके क्राउड फंडिंग कैंपेन लॉन्च किया। आतिशी ने चुनाव लड़ने के लिए जनता से मदद मांगी। सीएम ने कहा कि हम चुनाव के लिए बड़े व्यापारियों से पैसे नहीं लेते। आप सरकार आम लोगों के लिए काम करती है। जनता के सपोर्ट और सहयोग से ही मैं कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ूंगी। चुनाव लड़ने के लिए 40 लाख रुपये की जरूरत हैं। क्राउड फंडिग अभियान का समर्थन करें। लोग अपनी इच्छानुसार कोई भी राशि दान कर सकते हैं।

क्राउड फंडिंग अभियान की शुरूआत करते हुए कहा कि सीएम आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री ईमानदारी से काम करते हैं। हमने पिछली बार भी देश और दिल्ली की जनता से मदद मांगकर चुनाव लड़ा था और इस बार भी हम जनता के समर्थन और मदद से चुनाव लड़ रहे हैं। मुझे कालकाजी सीट से चुनाव लड़ने के लिए 40 लाख रुपये की जरूरत है। दिल्लीवासी 100 रुपये या 1000 रुपये देकर मदद कर सकते हैं।

आतिशी ने इस बात पर जोर दिया कि आम आदमी पार्टी (आप) ने हमेशा अपने चुनाव अभियानों के लिए जनता के चंदे पर भरोसा किया है और बड़े व्यापारियों से पैसा लेने से इनकार कर दिया है। उन्होंने याद किया कि कैसे आप ने पिछला चुनाव लोगों के ₹छोटे दान₹ से जीता था। आतिशी ने कहा कि जब से आप की सरकार बनी है तब से दिल्ली के आम लोगों ने पार्टी को सपोर्ट किया है। दिल्ली की जनता ने चुनाव लड़ने के लिए चंदा दिया। 2013 में भी लोगों ने चुनाव में छोटे-छोटे डोनेशन दिया। 2013 में जब पहला चुनाव लड़े थे घर घर जाते थे लोग छोटे छोटे डोनेशन देते थे। नुक्कड़ सभा के बाद हम एक चादर फैलाते थे लोग 10 रुपये, 50 रुपये और 100 रुपये लोग उसमें डालते थे।

**झुग्गी-बस्ती में पहुंचे केजरीवाल भाजपा पर बरसे :** अरविंद केजरीवाल ने शकूरबस्ती के झुग्गी-बस्ती इलाके में प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा पर गंभीर आरोप लगाया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'हमने देखा कि कैसे उनके (भाजपा) नेता झुग्गियों में सो रहे हैं। वे 5-10 साल नहीं सोए लेकिन पिछले 1 महीने से उनके नेता झुग्गियों में सो रहे हैं। उन्हें झुग्गी वालों से प्यार नहीं है। यह अमीरों की पार्टी है। उन्हें झुग्गी वालों से क्या लेना-देना? वे झुग्गी वालों को कीड़े-मकोड़े समझते हैं। उन्हें चुनाव से पहले झुग्गी वालों के वोट चाहिए और चुनाव के बाद उन्हें झुग्गी वालों की जमीन चाहिए।

उन्हें उनकी जमीन और वोट दोनों से प्यार है। कल अमित शाह ने दिल्ली के कई इलाकों से झुग्गी वालों को बुलाया था। वहां उन्होंने मेरे लिए बहुत गंदी बातें कहीं। गृह मंत्री द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले शब्दों की मयार्दा होनी चाहिए, लेकिन जिस तरह से उन्होंने मेरे खिलाफ शब्दों का चयन किया, उसे सुनकर कोई भी सभ्य व्यक्ति शर्मिंदा हो जाएगा। मुझे अमित शाह से कोई दुश्मनी नहीं है।

# वोटर बनने में महिलाएं पीछे, किसी भी सीट पर पुरुषों के बराबर नहीं, दिल्ली के ओखला में सबसे बड़ा अंतर



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की महिलाएं मतदाता बनने में पुरुषों से काफी पीछे हैं। यह स्थिति तब है, जब दिल्ली की सत्ता पर काबिज होने की कोशिश कर रहे राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र में महिलाओं से जुड़ी योजनाओं की भरमार है। सभी दल महिला मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं, लेकिन मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी अंतिम मतदाता सूची को देखें तो पुरुष मतदाताओं से महिलाओं की संख्या काफी कम है। इस बार दिल्ली में कुल 1,55,24,858 मतदाता हैं। इनमें पुरुष 85,49,645 और महिलाएं 71,73,952 हैं।

दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में किसी में भी महिलाएं पुरुष मतदाताओं से आगे नहीं हैं। ओखला विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा करीब 60 हजार के अंतर से महिलाएं पुरुषों से पीछे हैं, तो तिलक नगर विधानसभा में सबसे कम 2649 के अंतर से पीछे हैं। मतदाता सूची पर नजर डालें तो 19 विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर एक से 10 हजार के अंतर से महिलाएं पुरुषों से पीछे हैं। वहीं, 33 विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर 10 से 20 हजार के अंतर से महिलाएं पुरुषों से पीछे हैं। दूसरी तरफ 70 विधानसभा क्षेत्रों में से 18 विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या काफी कम है। यहां पर 20 से 60 हजार तक के अंतर से महिलाएं पीछे हैं।

**मतदान करने में पुरुषों की बराबरी कर रहीं महिलाएं :** भले ही राजधानी में मतदाताओं में महिलाएं पुरुषों से काफी पीछे हों, लेकिन मतदान करने में वह पुरुषों की बराबरी कर रही हैं। दिल्ली का पहला चुनाव 1993 में हुआ था। इसमें महिलाएं मतदान फीसदी में पुरुष मतदाताओं से 6.29 फीसदी पीछे रहीं थीं। इसके बाद के सभी चुनावों में महिलाओं के मतदान फीसदी में लगातार बढ़ोतरी हुई है। 1998 के चुनाव में 4.48 फीसदी, 2003 में 3.37, 2008 में 1.72, 2013 में 0.90, 2015 में 1.14 फीसदी पीछे रहीं। वहीं, 2020 के विधानसभा चुनाव में महिलाएं पुरुष मतदाताओं से मात्र 0.09 फीसदी ही पीछे रही थीं। यह कहा जा सकता है कि महिलाएं पुरुष मतदाताओं के बराबर रहीं।

**दिल्ली में महिला नेताओं की नहीं रही कमी :** दिल्ली में सबसे ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री के तौर पर शीला दीक्षित रहीं हैं।

# परिवहन विभाग ने जारी की एडवाइजरी अब बिना हेलमेट पंपों पर नहीं मिलेगा पेट्रोल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सड़क हादसों को रोकने के लिए परिवहन विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने दोपहिया वाहनों से होने वाले हादसों और मौतों को कम करने के लिए सख्त नियम अपनाने के निर्देश जारी किए गए। इसमें हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं की नीति प्रस्तावित की है।

परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने आठ जनवरी को एक पत्र जारी किया। इसमें पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिया कि वह बिना हेलमेट पेट्रोल न दें। या फिर उनके साथ बैठे युवक ने हेलमेट न लगाया हो। सभी जिलों के जिलाधिकारियों और संभागीय आयुक्तों को यह पत्र भेजा गया। इसे तत्काल लागू करने के लिए कहा गया।

**हर साल 25-26 हजार लोगों की जान जाती है :** परिवहन आयुक्त की तरफ से जारी पत्र में कहा गया कि राज्य में सड़क सुरक्षा उपायों की समीक्षा की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जारी निदेर्शों को भी बताया गया। जिसमें मुख्यमंत्री ने कहा था कि राज्य में हर साल सड़क दुर्घटनाओं के कारण 25-26 हजार लोगों की जान जाती है। इसमें कहा कि हेलमेट न पहनने से काफी मौतें होती हैं। इस नीति का उद्देश्य लोगों की जान बचाना और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

**जागरुकता अभियान चलाया जाना चाहिए :** परिवहन आयुक्त ने कहा कि यह पहल 2019 में गौतमबुद्ध नगर में पहले भी शुरू की गई थी। लेकिन, इसे छिटपुट रूप से ही लागू किया गया था। अब इसे सभी जिलों में सख्ती से लागू करना है। परिवहन आयुक्त ने कहा कि 'सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का उपयोग करके जागरुकता अभियान चलाया जाना चाहिए।

# कांग्रेस का तीसरा बड़ा वादा... दिल्ली में युवाओं को देंगे साढ़े 8 हजार महीना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आज 'युवा उड़ान योजना' नाम से अपनी तीसरी गारंटी की घोषणा कर दी है। यह घोषणा युवाओं के लिए है। कांग्रेस ने दिल्ली के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को एक साल तक 8500 रुपये प्रतिमाह की देने की बात कही है। इस योजना के तहत युवाओं को हर महीने 8500 रुपये मिलेंगे और एक साल की अप्रेंटिसशिप प्रदान की जाएगी।

इस योजना की घोषणा करते हुए कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा, 'आज महान विचारक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती है जो युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत थे। दिल्ली में युवाओं के भविष्य पर राज्य और केंद्र सरकार का कोई ध्यान नहीं है। दिल्ली में इतिहास गवाह है कि यहां जब-जब कांग्रेस की सरकार रही है तब-तब यहां के विकास को पूरे देश में लोग अग्रिम मानते आए हैं। दिल्ली में जिस जिम्मेदारी से हम वादा करेंगे उसी जिम्मेदारी के साथ उसे पूरा भी करेंगे और जनता इस बात को जानती है। मुझे पूरा विश्वास है कि 5 फरवरी को जब दिल्ली के लोग मतदान करेंगे तो इतिहास को याद करेंगे कि किसने क्या कहा और क्या किया।'

सचिने पायलट ने कहा कि रोजगार का निर्माण करना किसी भी सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन केंद्र और राज्य की दोनों सरकारों ने बेरोजगारों को नजरअंदाज किया। पढ़े-लिखे बच्चों को रोजगार देना चाहिए था, लेकिन मौका मिलने के बाद भी दोनों सरकारें काम नहीं कर पाईं। कांग्रेस ने हमेशा जनता के लिए काम किया। आईटी के क्षेत्र में कांग्रेस सरकार ने बेहतरीन काम किया, जिसमें मैं खुद मंत्री था। आज दिल्ली में राजनीति सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप की रह गई है, लेकिन अब लोग बेहतर विकल्प चाहते हैं। हमें उम्मीद है कि आने वाले चुनावों में जनता कांग्रेस पार्टी को चुनेगी और सरकार बनाएगी।

सचिन पायलट ने कहा, 'हमने निर्णय लिया है कि दिल्ली में कांग्रेस सरकार बनने के बाद शिक्षित और बेरोजगार युवाओं को एक साल की अप्रेंटिसशिप और 8,500 रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। हमारी कोशिश रहेगी कि इस एक साल में युवा अपनी कार्यकुशलता को बढ़ाकर उसी क्षेत्र में आगे बढ़ें, जिसकी उन्होंने ट्रेनिंग की है।'

इससे पहले कांग्रेस ने प्यारी दीदी और जीवन रक्षा योजना का एलान किया था। कांग्रेस ने 'प्यारी दीदी योजना' के तहत दिल्ली की महिलाओं

# पटना में पप्पू यादव के समर्थकों ने मचाया उत्पात, पुलिस ने सांसद और प्रदर्शनकारियों पर किया केस

**पटना।** बिहार के एकमात्र निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने रविवार यानी आज राज्यव्यापी बंद का एलान किया था। सुबह नौ बजे से ही पप्पू यादव के समर्थक पटना समेत बिहार के कई जिलों में सड़क पर उतर गए। जमकर प्रदर्शन किया। नीतीश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इतना ही नहीं पटना के अशोक राजपथ पर पप्पू यादव के कार्यकर्ताओं ने जमकर बवाल किया। सड़क पर आगजनी की। दुकानों को बंद करवा दिया। सरकारी वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इनके बाद आगे बढ़ते हुए डाकबंगला चौराहा पर आए और यहां पर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान पप्पू यादव भी अपने आवास से निकले और इनकम टैक्स गोलंबर से डाकबंगला चौराह पहुंचे।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
(ISO 9001 : 2015 एवं ISO 14001 : 2015 प्रमाणित संस्था)
विकास पथ गाजियाबाद

पत्रांक: 633/4/पी0ए0–टी0/2024–25 दिनांक 07.01.2025

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से विभिन्न 13 कार्यो हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्ते गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की वैबसाइट www.gdaghaziabad.in पर उपलब्ध हैं एवं UPLC की वैबसाइट https://etender.up.nic.in पर निविदा विक्रय की तिथि में उपलब्ध होंगी। सम्बन्धित निविदाओं को ई–निविदा आमंत्रण सूचना में उनके सम्मुख दर्शायी गयी तिथियों पर डाउनलोड व अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गयी तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा में कोई भी संशोधन /परिमार्जन / परिवर्तन व अतिरिक्त सूचनाओं को वैबसाइट पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

प्रभारी मुख्य अभियन्ता

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, @Gda Ghaziabad : gdagzb
हेल्पलाईन नं: 0120-4418384 व्हाट्सएप : 9990988004, वेबसाईट : www.gdaghaziabad.in

एक सुन्दर शहर ............ हमारा संकल्प

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# लोकसभा-विधानसभा चुनाव के बाद अब संगठन में भी मजबूत नहीं दिख रही ठाकुर समाज की आवाज

## संगठन चुनाव में इग्नोर हो सकता है सरदार-चमन और सोलंकी का नाम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इस बार लोकसभा चुनाव में दसकों पुराना मिथक टूट गया। पहले यहां लोकसभा सीट पर भाजपा ठाकुर चेहरे को ही टिकट देती आई है। यहां से रमेशचंद तोमर चार बार लोकसभा सांसद रहे।

उसके बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए राजनाथ सिंह यहां से लोकसभा सांसद रहे और फिर लगातार दो बार जनरल वीके सिंह यहां से सांसद रहे। जो सीट लोकसभा में ठाकुर बिरादरी को रिप्रजेंट करती थी अब यहां उसमें चेंज आया है। इस बार ठाकुर समाज से जनरल वीके सिंह का टिकट कटने के बाद ठाकुर समाज ने नाराजगी व्यक्त की थी और एक संदेश भी दिया गया था। विजयनगर में ठाकुर समाज के लोगों ने झंडा रैली भी निकाली थी। लोकसभा चुनाव में ठाकुर समाज के लोगों ने विरोध भी किया था और अब संगठन में भी ठाकुर समाज का अध्यक्ष बनाए जाने की मांग रखी गई थी। एक प्रेसवार्ता भी हुई थी, लेकिन सूत्र बताते हैं कि पहले लोकसभा, फिर विधायक और अब संगठन चुनाव में ठाकुर समाज की आवाज मजबूत होती नहीं दिखाई दे रही है।

सूत्र बताते हैं कि संगठन के चुनाव में सरदार सिंह भाटी, चमन चौहान और गौरव सौलंकी का नाम इग्नोर हो सकता है। महानगर अध्यक्ष वाले पैटर्न में कहीं भी ठाकुर समीकरण नहीं है। सूत्र बताते हैं कि जब महानगर अध्यक्ष को लेकर चर्चा हुई तो यहां ओबीसी चेहरों पर चर्चा हुई, यहां त्यागी चेहरों पर चर्चा हुई, यहां वैश्य समाज पर चर्चा हुई, लेकिन ठाकुर समाज के चेहरों को लेकर चर्चा नहीं हुई है। हालांकि ये भी हो सकता है कि जनप्रतिनिधियों ने अपने पसंददीदा नामों में किसी ठाकुर का नाम भेजा हो, लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि यहां ठाकुर लॉबी से दावेदारी की चाबी ही ले ली गई है। यहां पर चर्चा वाले फ्रेम से ही ठाकुर समाज को बाहर किया गया है। इसकी वजह सियासी समीरण भी हो सकते हैं। संगठन का अपना जातीय संतुलन हो सकता है, लेकिन ठाकुर समाज को अध्यक्ष वाली कुर्सी में वो करंट मिलता नहीं दिखाई दे रहा और संगठन वाले सीन में ठाकुर समाज की आवाज मजबूत होती नहीं दिखाई दे रही है।

### मंदिर आंदोलन से लेकर निगम के सदन तक सरदार सिंह भाटी का नाम



**करंट क्राइम।** सरदार सिंह भाटी का नाम नगर निगम की राजनीति से लेकर लाइनपार और नदिया पार की राजनीति तक सब लोग जानते हैं। एबीवीपी से अपने सफर की शुरूआत करने वाले सरदार सिंह भाटी राष्ट्रवादी विचारधारा के कार्यकर्ता हैं। वो राम मंदिर आंदोलन से लेकर राम मंदिर सहयोगी अभियान तक सक्रिय रूप से एक्टिव रहे हैं। नगर निगम की पारी खेल चुके हैं और पहले वो नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष रहे हैं। पूर्व पार्षद सरदार सिंह भाटी संगठन में भी रहे हैं और समाजसेवा में भी आगे रहते हैं। ठाकुर समाज की आवाज को लेकर उन्होंने विजयनगर में एक झंडा रैली भी निकाली थी। वो लखनऊ और दिल्ली में भी अपनी बात को रखने के लिये जाने जाते हैं। ठाकुर समाज के इस चेहरे को कितना मौका मिलता है ये देखने की बात है।

### युवा मोर्चा की टीम का चेहरा रहे हैं निगम पार्षद गौरव सौलंकी



**करंट क्राइम।** गौरव सौलंकी भाजपा के सक्रिय कार्यकताओं में हैं। वो भाजपा युवा मोर्चा की प्रदेश टीम में रहे हैं। उनकी पत्नी निगम पार्षद रही हैं और इस बार गौरव सौलंकी स्वयं निगम पार्षद हैं। वो युवा, ईमानदार और कर्मठ कार्यकताओं में गिने जाते हैं। गौरव सौलंकी ठाकुर समाज का प्रतिनिधित्य कर रहे हैं। उन्होंने आवेदन भी किया है और ठाकुर समाज के इस चेहरे को लेकर क्या निर्णय होता है इसका फैसला उन तीन नामों में बंद है जो जनप्रतिनिधियों ने दिये हैं।



### भाजपा संगठन में सक्रिय राजनीति का नाम है चमन चौहान

**करंट क्राइम।** भाजपा में ताजपोशी का दौर अब फाइनल राउंड में है। महानगर अध्यक्ष पद की दौड़ शुरू हो गई है और यहां से जनप्रतिनिधियों ने अपने नाम का पैनल भेज दिया है और अब लखनऊ से नाम फाइनल होना है। ऐसे में ठाकुर समाज के प्रतिनिधित्व की बात होती है। दोवेदारों में ठाकुर समाज से चमन चौहान का नाम भी चर्चा में है। चमन चौहान महानगर की टीम में उपाध्यक्ष है। वो अध्यक्ष पद की दावेदारी में हैं। खास बात ये है कि उन्होंने अध्यक्ष बनने के लिये आवेदन किया है और चर्चा अब इसी बात को लेकर है कि किसी भी जनप्रतिनिधि के पर्चे में उनका नाम है या नहीं। बताया जाता है कि चमन चौहान का नाम भी ठाकुर समाज की तरफ से मजबूत माना जा रहा है, लेकिन बड़ा सवाल यही है कि उनका नाम लखनऊ पहुंचने वाले पैनल में गया है या नहीं गया है। अब बॉल लखनऊ वालों के पाले में है और लखनऊ में कौन सा नाम दौड़ में आ गया है ये जल्द ही पता चल जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी आज जम्मू-कश्मीर का करेंगे दौरा

## सोनमर्ग सुरंग का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, 12 किलोमीटर लंबी इस सुरंग सहित पूरे प्रोजेक्ट पर 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। इसमें सोनमर्ग मुख्य सुरंग, एक एग्जिट सुरंग और लिंक रोड शामिल हैं। समुद्र तल से 8,650 फुट की ऊंचाई पर स्थित यह सुरंग लेह जाने के लिए श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच सभी मौसम में यातायात को सुगम बनाएगा।



पीएम मोदी ने ह्यएक्सह्न पर किए गए एक पोस्ट में अपने कश्मीर दौरे की जानकारी दी है। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला के एक कमेंट पर रिएक्ट करते हुए पीएम मोदी ने ट्वीट किया। इससे पहले, उमर अब्दुल्ला ने उनकी यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए वहां का दौरा किया और कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा किए। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जेड-मोड़ सुरंग के उद्घाटन से सोनमर्ग पूरे साल पर्यटकों के लिए खुला रहेगा। सोनमर्ग अब एक बेहतरीन स्की रिसॉर्ट के रूप में विकसित होगा। स्थानीय लोगों को सर्दियों में बाहर नहीं जाना पड़ेगा और श्रीनगर से कारगिल/लेह की यात्रा का समय भी कम हो जाएगा। पीएम मोदी बोले- बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं : पीएम मोदी ने अब्दुल्ला के ट्वीट पर जवाब देते हुए कहा कि मैं सुरंग के उद्घाटन के लिए जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग की अपनी यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। आपने पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए इसके लाभों की सही बात कही है। साथ ही, हवाई तस्वीरें और वीडियो भी बहुत पसंद आए।'

# नदिया पार में दिखाई दे रहे हैं मंडल ताजपोशी के साइड इफेक्ट

## सोशल मीडिया पर किसी ने संभाला एडमिन वाला चार्ज और किसी ने नहीं किया नये अध्यक्ष को एड

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिस दिन बूथ अध्यक्ष के घर ढोल बजाकर नेम प्लेट लगी थी उसी दिन ये तय हो गया कि मंडल अध्यक्ष का पद अब बहुत बड़ा हो गया है। हालांकि पिछली बार भी मंडल अध्यक्षों के लिये केंद्रीय मंत्री और संगठन के बड़े नेताओं के फोन पहुंचे थे और इस बार भी बड़े चेहरे गेम में शामिल हुए हैं। अपने-अपने नामों को लेकर बड़े चेहरों ने रुचि दिखाई है। लखनऊ से जो इंट्रेस्ट दिखाया गया उसके साइड इफेक्ट अब मोहल्लों के मंडल में दिखाई दे रहे हैं। एक विधानसभा ऐसी है जहां दस के दस मंडल अध्यक्ष चेंज हुए हैं और अब इस मंडल ताजपोशी के साइड इफेक्ट यहां दिखाई दे रहे हैं। नदिया पार में जो वॉट्सएप ग्रुप सोशल मीडिया पर चल रहे हैं उनमें कोई वॉट्सएप ग्रुप का एडमिन बना है तो कहीं नये मंडल अध्यक्ष को ही मंडल के वॉट्सएप ग्रुप में एड नहीं किया जा रहा है, इसको लेकर चर्चा है।




महामंत्री देवाशीष दत्ता को एडमिन मोड से हटा दिया गया है। इसके अलावा शालीमार गार्डन वाले मंडल में सीन उदासीन ही है। वहीं लाजपतनगर में नए मंडल अध्यक्ष ने अपना नया ग्रुप नहीं बनाया है और यहां रोचक बात ये है कि जो पुराना ग्रुप चल रहा है उस पुराने ग्रुप में नए मंडल अध्यक्ष को एड ही नहीं किया गया है। इफेक्ट वसुंधरा में भी दिखाई दे रहे हैं। वसुंधरा मंडल में संविधान गौरव अभियान को लेकर बैठक रखी गई और जो मंडल अध्यक्ष पूर्व हुए हैं वो सूचना के बाद भी इस बैठक में नहीं पहुंचे। परिवर्तन का पूरा असर यहां नजर आ रहा है और परिवर्तन का सबसे बड़ा गवाह सोशल मीडिया के ग्रुप बने हैं।

# शिव शक्ति की याचिका सर्वोच्च न्यायालय ने की खारिज, नगर निगम को मिली जीत

## निगम की जीत से शहर को योजनाओं का लाभ दिलाना सरल : नगर आयुक्त



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में जहां सभी विभाग बेहतर कार्य कर रहे हैं वहीं गाजियाबाद नगर निगम का लीगल डिपार्टमेंट भी पेंडिंग मामलों को रफ्तार दे रहा है।

सर्वोच्च न्यायालय मे इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम टेंडर के विरुद्ध दायर की गई याचिका को खारिज कर दिया गया है जो कि निगम की एक बड़ी जीत है।

शिव शक्ति का टेंडर 6 वर्षों के बाद पूर्ण हो चुका था। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ होने पर शिव शक्ति द्वारा टेंडर को चैलेंज करते हुए, 9508/2024 याचिका दायर की गई थी जिसको पॉलिसी मैटर बताते हुए तथा आर्बिट्रेशन के पास जाने हेतु आदेशित करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा 20 मार्च 2024 खारिज कर दिया गया था। इसके बाद भी शिव शक्ति ड्रीम होम द्वारा आई टी एम एस टेंडर को दोबारा से चैलेंज करते हुए याचिका 27609/24 सर्वोच्च न्यायालय मे दायर की गई।

### नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने लीगल टीम की प्रशंसा की

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम लीगल डिपार्टमेंट द्वारा अपना पक्ष रखा गया जिस पर गाजियाबाद नगर निगम को जीत मिली तथा सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिव शक्ति ड्रीम होम की याचिका को 2 जनवरी 2025 को खारिज किया गया। सर्वोच्च न्यायालय से आर्डर प्राप्त होने पर नगर आयुक्त द्वारा लीगल टीम के बेहतर कार्यवाही करने पर प्रशंसा की गई तथा अन्य पेंडिंग मामलों पर भी इसी प्रकार गाजियाबाद नगर निगम को जीत दिलाने के लिए मोटिवेट भी किया गया।




## संपादकीय

# मेट्रो की उपयोगिता

केंद्र सरकार ने बताया है कि देश के 11 राज्यों के 23 शहरों में मेट्रो का कुल नेटवर्क 1,000 किलोमीटर से अधिक हो चुका है। लगभग 1,000 किलोमीटर का अतिरिक्त मार्ग अभी निमार्णाधीन है या फिर उसकी योजना उन्नत स्तर पर है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है क्योंकि देश विश्वस्तरीय शहरी अधोसंरचना तैयार करने में लगातार संघर्ष करता रहा है। दिल्ली जैसे शहरों में जहां मेट्रो रेल कारगर है वहां उसने शहरी जीवन के अनुभव में उल्लेखनीय परिवर्तन की क्षमता दिखाई है।

दिल्ली ऐसा शहर नहीं है जहां सार्वजनिक शिष्टाचार पर बहुत अधिक ध्यान दिया जाता हो लेकिन मेट्रो में लोग सड़क आदि की तुलना में शिष्टाचार का अधिक पालन करते हैं। आश्चर्य नहीं कि कई राज्य और वहां के नेता मेट्रो का विस्तार करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं ताकि हर शहर को यह अनुभव लेने का मौका मिल सके। जरूरत यह सुनिश्चित करने की है कि यह अनुभव विश्वस्तरीय बना रहे। इसमें प्रबंधन और रखरखाव की अहम भूमिका होगी। उदाहरण के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने कोलकाता मेट्रो की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया था जबकि कोलकाता मेट्रो देश की पहली मेट्रो सेवा है।

केंद्र सरकार ने रियायती दर पर धन उपलब्ध कराकर इस आकांक्षा को पूरा करने में मदद की है। वर्ष 2021 से 2025 के बीच ही इस पर तीन लाख करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। परंतु इस धनराशि का बहुत छोटा हिस्सा सीधे केंद्रीय बजट में आता है। उदाहरण के लिए चेन्नई मेट्रो के दूसरे चरण के लिए करीब 34,000 करोड़ रुपये की राशि तमिलनाडु सरकार द्वारा मुहैया कराई जाएगी। बाकी हिस्से में से अधिकांश राशि उस कर्ज से आएगी जो केंद्र सरकार ने क्रियान्वयन एजेंसी से लिया है। खास तौर पर जापान से जुड़ी कर्ज देने वाली एजेंसियों मसलन जापान इंटरनैशनल कोऑपरेशन एजेंसी और एशियाई विकास बैंक आदि।

चीन से संबंधित एजेंसियां मसलन न्यू डेवलपमेंट बैंक यानी ब्रिक्स बैंक और एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक भी इसमें शामिल हैं। अहमदाबाद मेट्रो का करीब आधा पैसा जर्मन और फ्रेंच विकास बैंकों से आता है। जर्मनी बेंगलूरु मेट्रो के दूसरे चरण के लिए भी मदद कर रहा है। इनमें से कई विदेशी सरकारों की बात करें तो ऋण देने का निर्णय आंशिक रूप से मेट्रो के डिब्बों आदि की खरीद या विनिर्माण उपकरणों की खरीद में मदद करने के लिए है। इन्हें संबंधित देशों में स्थित कारखानों में बनाया जाता है। मसलन अहमदाबाद मेट्रो के लिए जर्मनी की सीमेंस कंपनी निर्माण करती है।

इसके बावजूद इस दौरान कई गलतियां हुई। दिल्ली मेट्रो की कामयाबी की सबसे बड़ी वजह यह है कि वहां कोई अन्य उपनगरीय रेल सेवा नहीं है जो इतने विस्तृत दायरे में काम करती हो। इसके अलावा उसने बहुत जल्दी अपने नेटवर्क में उल्लेखनीय विस्तार और उसका प्रबंधन किया।

# अदाणी ग्रुप ने छत्तीसगढ़ में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए 60,000 करोड़ के निवेश का किया ऐलान

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रुप ने छत्तीसगढ़ के रायपुर, कोरबा और रायगढ़ में अपने पावर प्लांट्स के विस्तार के लिए 60,000 करोड़ रुपये के निवेश का ऐलान किया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने रविवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में इस निवेश के बारे में जानकारी दी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी के बीच हुई मुलाकात की तस्वीर भी साझा की। सीएमओ ने पोस्ट में कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ एक बैठक में, अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रायपुर, कोरबा और रायगढ़ में अपने पावर प्लांट्स के विस्तार के लिए 60,000 करोड़ रुपये के नियोजित निवेश का ऐलान किया है।



इस विस्तार के साथ ही छत्तीसगढ़ की कुल बिजली उत्पादन क्षमता में 6,120 मेगावाट की वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त गौतम अदाणी ने राज्य में मौजूद ग्रुप के सीमेंट प्लांट्स के विकास के लिए 5,000 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। पोस्ट में आगे कहा गया कि मुख्यमंत्री साय की सलाह पर गौतम अदाणी ने राज्य सरकार को अगले चार वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास और पर्यटन के क्षेत्र में अदाणी ग्रुप की ओर से सीएसआर और उससे आगे की पहलों को समर्थन देने के लिए 10,000 करोड़ रुपये देने का आश्वासन दिया है। बैठक में रक्षा-संबंधी उपकरणों के निर्माण और छत्तीसगढ़ में डेटा सेंटर एवं ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर की स्थापना में संभावित सहयोग पर भी चर्चा की गई।

अदाणी ग्रुप के इस निवेश से राज्य में रोजगार के अवसर पैदा होने और आर्थिक विकास के साथ समग्र विकास को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

अदाणी ग्रुप की कंपनी अदाणी पावर, देश की सबसे बड़ी निजी थर्मल पावर उत्पादक कंपनी है। इसकी कुल बिजली उत्पादन क्षमता 15,250 मेगावाट है। कंपनी के थर्मल पावर प्लांट्स गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और झारखंड में हैं। इसके अलावा कंपनी के पास गुजरात में 40 मेगावाट का सोलर पावर प्रोजेक्ट भी है।

# एशिया-प्रशांत क्षेत्र की शीर्ष 50 कंपनियों का मार्केट कैप बढ़कर 8.1 ट्रिलियन डॉलर हुआ

**नई दिल्ली।** एशिया-प्रशांत क्षेत्र की शीर्ष 50 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2024 में बढ़कर 8.1 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। इसमें सालाना आधार पर 20.6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। ग्लोबलडेटा की रिपोर्ट के मुताबिक, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन और जापान के बाद भारत तीसरे स्थान पर है। भारत की सात कंपनियों को इस लिस्ट में शामिल किया गया है, जिनका बाजार पूंजीकरण 914 अरब डॉलर है। देश के इक्विटी बाजारों ने पिछले साल रिकॉर्ड ऊंचाई को छुआ, जिससे देश का बाजार पूंजीकरण इस साल 5.29 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गया, जो भारत को अमेरिका, चीन और जापान के बाद दुनिया का चौथा सबसे बड़ा पूंजी बाजार बनाता था। बेंचमार्क सूचकांक निफ्टी और सेंसेक्स ने पिछले साल क्रमशः 26,277.35 और 85,978.25 का नया सर्वकालिक उच्च स्तर बनाया था। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 850.3 अरब डॉलर के बाजार



पूंजीकरण के साथ ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी) शीर्ष स्थान पर है। इसका बाजार पूंजीकरण सालाना आधार पर 69.7 प्रतिशत बढ़ा है। रिपोर्ट के अनुसार, सेमीकंडक्टर की वैश्विक मांग और चिप उत्पादन में ताइवान की महत्वपूर्ण भूमिका ने टीएसएमसी की वृद्धि को बढ़ावा दिया है।

# 2025 में आईपीओ से गुलजार रहेगा शेयर बाजार

## 100 कंपनियों ने सेबी के पास जमा कराए ड्राफ्ट पेपर

**नई दिल्ली।** कम से कम 100 कंपनियों ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के लिए ड्राफ्ट पेपर जमा कराए हैं और इस कारण 2025 में प्राइमरी मार्केट में बड़ी संख्या में पब्लिक इश्यू आने वाले हैं। बाजार के जानकारों का कहना है कि ये सभी कंपनियों मिलकर आईपीओ के जरिए शेयर बाजार से 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटा सकती हैं। भारतीय आईपीओ बाजार के लिए 2024 एक ऐतिहासिक वर्ष रहा, जिसमें 90 से अधिक कंपनियों ने सामूहिक रूप से 1.62 लाख करोड़ रुपये जुटाए, जो 2023 में जुटाए गए 49,436 करोड़ रुपये से तीगुने से भी अधिक है। पैंटोमैथ कैपिटल एडवाइजर्स के विश्लेषकों ने कहा कि 2025 में भी आईपीओ बाजार में हलचल जारी रहेगी और अनुमानों से पता चलता है कि इस साल कंपनियां दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी जुटा सकती हैं।




वर्तमान में 100 कंपनियों ने सेबी के पास ड्राफ्ट ऑफर लेटर दाखिल किए हैं, जिनमें से कई को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है या मंजूरी का इंतजार है। कोटक सिक्योरिटीज के एमडी और सीईओ श्रीपाल शाह के अनुसार, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति बनाए हुए है, जिससे यह वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक निवेश गंतव्य बन गया है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा अनुमान है कि इक्विटी बाजार में और तेजी आएगी और कमोडिटीज 2025 में अपने ऐतिहासिक उच्चतम स्तर को पार कर जाएंगी। इसके साथ ही जल्दी अर्जित करने के लिए शेयर बाजार में प्रवेश करने वाले युवा निवेशकों की संख्या में बढ़ोतरी से समग्र बाजार में वृद्धि देखने को मिलेगी। कोटक सिक्योरिटीज ने आगे कहा कि घरेलू स्तर पर आधार मजबूत बना हुआ है, लेकिन सर्तक रहने की आवश्यकता है। महंगे वैल्यूएशन के बीच लंबी अवधि के निवेशकों को क्वालिटी एसेट्स पर फोकस करना चाहिए।

# महाकुंभ से मिलेगा भारतीय अर्थव्यवस्था को बूस्ट 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक का होगा व्यापार

**नई दिल्ली।** प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर सोमवार से शुरू होने वाले महाकुंभ से भारत की अर्थव्यवस्था को बड़ा बूस्ट मिल सकता है। इंडस्ट्री के अनुमानों के मुताबिक, इस महाकुंभ में 4 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का व्यापार हो सकता है। इससे देश की नॉमिनल और रियल जीडीपी एक प्रतिशत से भी अधिक बढ़ सकती है। उत्तर प्रदेश सरकार को उम्मीद है कि इस आयोजन में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों को मिलाकर करीब 40 करोड़ पर्यटक आएंगे। सरकार के अनुमान के मुताबिक, अगर 40 करोड़ पर्यटकों में से हर एक औसतन 5,000 रुपये खर्च करता है, तो महाकुंभ से 2 लाख करोड़ रुपये का व्यापार हो सकता है इंडस्ट्री का अनुमान है कि इस मेगा इवेंट में प्रति व्यक्ति औसत खर्च 10,000 रुपये तक हो सकता है और इस दौरान कुल 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार हो सकता है। भारत के साथ-साथ विदेशी कंपनियां भी 45-दिवसीय कार्यक्रम के दौरान अपनी उपस्थिति दिखाने के लिए महाकुंभ में जगह बनाने की होड़ में हैं। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के अनुसार, फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) से लेकर फार्मा सेक्टर तक और मोबिलिटी प्रोवाइडर्स से लेकर



डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म तक, कंपनियां महाकुंभ में ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर 3,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर सकती हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने महाकुंभ मेला 2025 में विभिन्न संरचनाओं के निर्माण के लिए लगभग 45,000 टन स्टील की आपूर्ति की है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- वे किसान जिन्होंने किसी नाम से अपनी गायों को बुलाया है, उन लोगों ने ऐसा ना करने वालों की तुलना में 258 लीटर अधिक दूध उपज दर्ज किया है।
- क्या आप जानते हैं? अधिकांश गायों ने संगीत को सुनने के दौरान अधिक दूध दिया है।
- पूर्वी एशिया में, मंगोलिया में दूध का भारी मात्रा में इस्तेमाल किया गया था, लेकिन चीन में दूध की खपत अलग-अलग शैली में परिवर्तित होती रहती थी। दक्षिण कोरिया से आयातित गायों से जापानी डेयरी उत्पादों का उपभोग किया गया था!
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की दूध की बाल्टी में एक मेंढक डालने से दूध को खारा होने से बचाने का एक प्राचीन रूसी तरीका था। इस पद्धति का अध्ययन करके, वैज्ञानिकों ने नए एंटीबायोटिक पदार्थों के धन की पहचान की है।
- क्या आप जानते हैं? याक का दूध गुलाबी होता है!
- दूध ही एकमात्र पूर्ण खाना है जिससे आप पूरी तरह से जीवित रह सकते हैं, जिससे आपके शरीर के हर पोषक तत्व को जीवित रहने की आवश्यकता होती है!

## भारत ने 2024 में जोड़ी 30 गीगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमताः केंद्र



**नई दिल्ली।** भारत में पिछले साल करीब 30 गीगावाट नई रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता जोड़ी है। यह आंकड़ा 2023 में जोड़ी गई 13.75 गीगावाट की क्षमता से 113 प्रतिशत अधिक है। यह जानकारी न्यू एवं रिन्यूएबल एनर्जी मंत्रालय द्वारा दी गई। 2024 में हुए विस्तार के साथ भारत की कुल रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता 218 गीगावाट की हो गई है। भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को पाने के लिए देश को अगले छह वर्षों में कम से कम 50 गीगावाट प्रति वर्ष की नई रिन्यूएबल क्षमता लगानी होगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर न्यू एवं रिन्यूएबल एनर्जी मंत्री, प्रह्लाद जोशी ने एक पोस्ट में लिखा कि वर्ष 2023 की 13.75 गीगावाट के मुकाबले 2024 में करीब 30 गीगावाट की तीव्र वृद्धि के कारण देश की कुल रिन्यूएबल क्षमता अब लगभग 218 गीगावाट की हो गई है। यह क्लीन एनर्जी के प्रति भारत की बढ़ती प्रतिबद्धता और हरित भविष्य के निर्माण में देश की प्रगति को रेखांकित करती है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

शिक्षक - चल बता..5 और 5 कितने होते हैं?
सोनू - 12 होते हैं।
शिक्षक - 10 होते हैं... नालायक
शिक्षक - हम दिलदार घर से हैं....2 मैंने अपने खुद के भी डाले हैं।

---

कहते हैं ऊपर वाले ने हर किसी के लिए किसी ना किसी को बनाया है
कहीं मेरी वाली ने आत्महत्या तो नहीं कर ली
पगली मिल ही नहीं रही है।

---

एक दोस्त- दूसरे दोस्त से - कैसे हो?
शराब पीना बंद किया या नहीं?
पहला दोस्त - हां, यार बिलकुल छोड़ दिया है। बस कोई ज्यादा रिक्वेस्ट करता है तो पी लेता हूं।
दूसरा दोस्त - बहुत बढ़िया... और यह तुम्हारे साथ कौन भाई साहब हैं?
पहला दोस्त - अरे यार, इनको रिक्वेस्ट करने के लिए रखा हुआ है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# भारी बारिश के कारण बाहरी कोर्ट पर खेल स्थगित होने के बीच झेंग और मीरा ने पहले मैच में जीत दर्ज की

**मेलबर्न ।** 2025 के ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तूफानी शुरूआत पिछले साल की उपविजेता झेंग किनवेन को रोक नहीं सकी, क्योंकि पांचवीं वरीयता प्राप्त चीनी खिलाड़ी ने रविवार को रोमानियाई क्वालीफायर एंका टोडोनी को 7-6(3) 6-1 से हराकर रॉड लेवर एरिना में पहली जीत हासिल की। 22 वर्षीय खिलाड़ी को टोडोनी के खिलाफ पहली मुलाकात में जीत हासिल करने के लिए लगभग दो घंटे की जरूरत पड़ी। झेंग ने आठ ऐस की मदद से 83 प्रतिशत पहले सर्व जीते, जिससे उनके विनर्स की संख्या 29 हो गई, जो उनकी प्रतिद्वंद्वी से नौ अधिक है।



मौजूदा ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग का अब दूसरे दौर में जर्मनी की लॉरा सीजमंड या संयुक्त राज्य अमेरिका की हैली बैपटिस्ट से मुकाबला होगा। इससे पहले, 14वीं वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन की पहली मैच विजेता थीं। शीर्ष 20 में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी, एंड्रीवा ने अपने शुरूआती दौर के मुकाबले में पूर्व विंबलडन क्वार्टर फाइनलिस्ट मैरी बौजकोवा को 6-3, 6-3 से आसानी से हराया। 17 वर्षीय एंड्रीवा, जिन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने पदार्पण में राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई थी, ने अपनी 1 घंटे और 36 मिनट की जीत में बौजकोवा के 11 के मुकाबले 27 विनर्स लगाए।

दूसरे दौर में, एंड्रीवा का सामना पोलैंड की 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनलिस्ट मैग्डा लिनेट या जापान की मोयुका उचिजिमा से होगा। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दिन मूसलाधार बारिश और बिजली गिरने से सभी आउटडोर कोर्ट पर खेल रुक गया है। स्थानीय समयानुसार शाम 5 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 11:30 बजे) से पहले खेल फिर से शुरू नहीं होगा।

रॉड लेवर एरिना, मार्गरेट कोर्ट एरिना और जॉन कैन एरिना में खेल जारी रहा, लेकिन रविवार को मैच शुरू होने के लगभग 50 मिनट बाद अन्य सभी कोर्ट पर खेल स्थगित कर दिया गया। रविवार के मुकाबले में मौसम का असर दो सर्वोच्च वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों पर नहीं पड़ेगा। नॉर्वे के कैस्पर रूड, जो एटीपी रैंकिंग में छठे नंबर पर हैं, स्पेन के जैम मुनार के खिलाफ लेवर में दूसरे नंबर पर खेलेंगे, जिनसे वे एटीपी हेड2हेड सीरीज में 2-1 से आगे हैं।

लेवर में होने वाले फीचर नाइट मैच में, दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और दो बार के एटीपी फाइनल्स चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव का सामना पहली बार फ्रेंच वाइल्ड कार्ड लुकास पॉइल से होगा। एटीपी विन/लॉस इंडेक्स के अनुसार पिछले सीजन में 69-21 मैच रिकॉर्ड के बाद ज्वेरेव आत्मविश्वास के साथ सीजन की शुरूआत करेंगे।

बारिश के कारण खिलाड़ियों को इंडोर प्रैक्टिस कोर्ट में भागना पड़ा, जहां कार्लोस अल्काराज और जैनिक सिनर एक कोर्ट में साथ-साथ अभ्यास कर रहे थे।

# जय शाह की जगह देवजीत सैकिया बीसीसीआई के नए सचिव बने, प्रभतेज भाटिया कोषाध्यक्ष बनाये गए

**मुंबई ।** असम के पूर्व क्रिकेटर देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया को रविवार को यहां आयोजित विशेष आम बैठक में क्रमशः बीसीसीआई के नए सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना गया है।

बीसीसीआई के चुनाव अधिकारी अचल कुमार ज्योति, जो पहले भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यरत थे, द्वारा जारी की गई अंतिम सूची में सैकिया और भाटिया ही एकमात्र नाम थे।

असम क्रिकेट संघ के अध्यक्ष तरंगा गोगोई ने एक्स पर पोस्ट किया, आज बीसीसीआई के मुंबई कार्यालय में असम क्रिकेट एसोसिएशन के शीर्ष परिषद सदस्यों के साथ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया और प्रभतेजबी को कोषाध्यक्ष चुने जाने पर बधाई। आप दोनों को अपने नए प्रयासों में जबरदस्त सफलता और पूर्णता की शुभकामनाएं! आपका नेतृत्व और विशेषज्ञता भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाए।



असम के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर चार प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले सैकिया, 1 दिसंबर को जय शाह के आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद बीसीसीआई के कार्यवाहक सचिव थे।

उन्होंने पहले बीसीसीआई के संयुक्त सचिव के तौर पर काम किया था, यह पद एक अन्य चुनाव प्रक्रिया के जरिए भरा जाना है। दूसरी ओर, भाटिया कोषाध्यक्ष की भूमिका में तब आए जब उनके पूर्ववर्ती आशीष शेलार ने महाराष्ट्र राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री के तौर पर शामिल होने के बाद पद छोड़ दिया। भाटिया छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ (सीएससीएस) से हैं और बीसीसीआई की शीर्ष परिषद में पहले भी काम कर चुके हैं।

# ऑस्ट्रेलियन ओपनः सबालेंका ने स्टीफंस पर सीधे सेटों में जीत के साथ खिताब की रक्षा शुरू की

**मेलबर्न ।** दो बार की गत विजेता आर्यना सबालेंका ने रविवार को यहां पहले दौर में स्लोएन स्टीफंस पर सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से जीत के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब की रक्षा शुरू की।

विश्व की नंबर 1 सबालेंका मेलबर्न में मार्टिना हिंगिस के बाद तीन बार लगातार खिताब जीतने वाली पहली महिला बनने की कोशिश कर रही हैं। स्विस स्टार ने 1997 से 1999 तक सीजन के पहले मेजर में लगातार तीन खिताब जीते।

सनसनी कोको गॉफ से तीन सेटों में हुई थी।

सबालेंका ने सिर्फ.सात मिनट में 3-0 की बढ़त हासिल कर ली, और हालांकि स्टीफेंस ने वापसी करते हुए 4-3 का स्कोर बनाया, लेकिन सबालेंका ने नियंत्रण बनाए रखने के लिए फिर से उनकी सर्विस तोड़ दी। सबालेंका ने 20 विनर्स के साथ मैच समाप्त किया और 13 ब्रेक पॉइंट से स्टीफेंस की सर्विस पांच बार तोड़ी।

सबालेंका का सामना दूसरे दौर में जेसिका बौजास मानेरो से होगा।



ग्रैंड स्लैम में पहली बार नंबर 1 पर पहुंची सबालेंका डब्ल्यूटीए के आंकड़ों के अनुसार 2022 में एश्ले बार्टी द्वारा अपने घरेलू स्लैम को सील करने के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन महिला एकल खिताब जीतने वाली पहली शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बनने की भी कोशिश कर रही हैं।

ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन की मौजूदा चैंपियन सबालेंका ने रविवार को जीत हासिल की, जिससे हार्ड-कोर्ट मेजर में उनकी जीत का सिलसिला 15 तक पहुंच गया। 2023 सीजन की शुरूआत से, हार्ड-कोर्ट स्लैम में उनका जीत/हार का रिकॉर्ड 28-1 का रहा है, जिसमें उनकी एकमात्र हार 2023 यूएस ओपन के फाइनल में युवा अमेरिकी

ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में अपने पदार्पण में, 22 वर्षीय स्पैनियार्ड ने ग्रेट ब्रिटेन की सोने कार्टल को 6-1, 7-6 से आसानी से हराया।

अन्य मैचों में, पाउला बैडोसा ने ज़िन्यू वांग को 6-3, 7-6 (7-5) से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई, जहां उनका सामना तुर्की की खिलाड़ी जेनेप सोनमेज या ऑस्ट्रेलियाई वाइल्ड कार्ड तालिया गिब्सन से होगा।

इस बीच, कनाडा की लेला फर्नांडीज ने यूक्रेनी खिलाड़ी यूलिया स्टारोडुबत्सेवा पर 7-5, 6-4 से जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया। अब उनका सामना स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा और फ्रांस की क्लो पैक्वेट के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा।

# मैरीयल स्पामो ने रोमांचक वापसी के साथ रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग में महिला वर्ग का खिताब बचाया

**लेह ।** रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 2 के महिला फाइनल में, मैरीयल स्पामो ने चांगला लामोस के खिलाफ 3-2 की रोमांचक वापसी के साथ अपना खिताब बचाया। कप्तान पदमा चोरोल की हैट्रिक की मदद से स्पामो ने 0-2 से पिछड़ने को पलटते हुए महिला श्रेणी का खिताब फिर से अपने नाम किया।

स्पामो ने गर्व से विजेता ट्रॉफी उठाई, जबकि उपविजेता चांगला लामोस को रनर-अप ट्रॉफी दी गई। जैसे ही लीग अपनी भव्य समापन की ओर बढ़ रही है, अगले दिन पुरुषों के फाइनल में गत चैंपियन कांग सिंग्स का मुकाबला पिछले साल के उपविजेता चांगथांग शांस से होगा। रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 2 का आयोजन लद्दाख के यूटी प्रशासन और आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ लद्दाख के सहयोग से नवांग डोरजाय स्टोबदान (एनडीएस) स्टेडियम, लेह में हो रहा है।



महिला चैंपियनशिप फाइनल में एक रोमांचक मुकाबला हुआ, जहां दर्शकों ने अपनी पसंदीदा टीमों का समर्थन करने के लिए नवांग डोरजाय स्टोबदान स्टेडियम को भर दिया। इस दौरान खेल के प्रति बढ़ती लोकप्रियता और रॉयल एनफील्ड के लद्दाख में शीतकालीन ओलंपिक खेल आइस हॉकी को बढ़ावा देने के प्रति समर्पण को दशार्या गया।

रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 2 के ग्रैंड फिनाले में गत चैंपियन मैरीयल स्पामो और चांगला लामोस के बीच एक रोमांचक मुकाबला हुआ। मैच की शुरूआत दोनों टीमों ने जबरदस्त इच्छाशक्ति के साथ की। चांगला लामोस ने चौथे मिनट में कप्तान त्सेवांग चुश्कित के शानदार रिस्ट शॉट के साथ 1-0 की बढ़त बना ली। मैरीयल स्पामो ने बराबरी का प्रयास किया, लेकिन वे मौके को गोल में तब्दील करने में असमर्थ रहे। 11वें मिनट में, डिस्केट सी आंगमो ने त्सेवांग चुश्कित को एक बेहतरीन पास दिया, और त्सेवांग ने अपना दूसरा गोल करते हुए लामोस की बढ़त को 2-0 कर दिया, और पहले पीरियड के अंत में यह स्कोर कायम रहा। हालांकि, इस पीरियड के अंत में चांगला लामोस को एक झटका भी लगा, जब सोनम आंगमो को फाउल प्ले के कारण दो मिनट के लिए पेनल्टी दी गई।

दूसरे पीरियड में, मैरीयल स्पामो ने विपकलशी की बढ़त को कम करने के लिए जोरदार वापसी की। उनकी कप्तान पदमा चोरोल ने 27वें मिनट में शानदार गोल करके अपनी टीम को मैच में वापस लाया, और स्कोर 2-1 कर दिया।

# आयरलैंड की महिला स्पिनर एमी मैग्वायर का गेंदबाजी एक्शन संदिग्ध पाया गया

**राजकोट ।** आयरलैंड की बाएं हाथ की स्पिनर एमी मैग्वायर को भारत के खिलाफ शुक्रवार को राजकोट में खेले गए आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज के पहले वनडे के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट किया गया है।

आईसीसी ने एक बयान में कहा कि मैच अधिकारियों की रिपोर्ट, जो आयरलैंड टीम प्रबंधन को सौंपी गई थी उसमें 18 वर्षीय खिलाड़ी के गेंदबाजी एक्शन की वैधता पर चिंता व्यक्त की गई थी।

इसमें कहा गया है कि अब मैग्वायर के गेंदबाजी एक्शन की जांच संबंधित आईसीसी प्रक्रिया के तहत की जाएगी। परीक्षण के नतीजे आने तक उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी जारी रखने की अनुमति है।

बाएं हाथ की ऑफ स्पिनर 18 वर्षीय मैग्वायर ने 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और उन्होंने आयरलैंड के लिए सभी फॉर्मेट में कुल 20 मैच खेले जिसमें 25 विकेट लिए।




हालांकि, क्रिकेट आयरलैंड ने आईसीसी द्वारा औपचारिक रूप से अधिसूचित किए जाने के बाद एमी के प्रति समर्थन जाहिर किया है। भारत के खिलाफ एकदिवसीय मैच के बाद मैच अधिकारियों द्वारा उनके 'संदिग्ध अवैध गेंदबाजी एक्शन' की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

# केरला ब्लास्टर्स एफसी की मेजबानी करेगी ओडिशा एफसी

**कोच्चि ।** केरला ब्लास्टर्स एफसी सोमवार को शाम 7:30 बजे अपने घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में ओडिशा एफसी की मेजबानी करेगी। ब्लास्टर्स का लक्ष्य जगरनॉट्स के खिलाफ अपने घरेलू रिकॉर्ड को और आगे बढ़ाना होगा, जबकि ओडिशा एफसी अपने पिछले तीन मैचों में जीत से दूरी को समाप्त करना चाहेगी।

केरला ब्लास्टर्स ने अपने पिछले मैच में (मोहम्मडन एससी के खिलाफ 3-0) क्लीन शीट बनाए रखी है और 2019 के बाद पहली बार दो लगातार घरेलू मैचों क्लीन शीट रखने के इरादे से उतरेंगे। ओडिशा एफसी 15 मैचों में पांच जीत, छह ड्रा और चार हार से 21 अंक लेकर तालिका में सातवें स्थान पर है। केरला ब्लास्टर्स एफसी 15 मैचों में पांच जीत, दो ड्रा और आठ हार से 17 अंक लेकर तालिका में नौवें स्थान पर है। अंक गंवाने की ब्लास्टर्स की प्रवृत्तिब्लास्टर्स का खराब रिकॉर्डः ब्लास्टर्स ने आईएसएल में ओडिशा एफसी के खिलाफ जीत की स्थिति से 15 अंक गंवाए हैं।



# रिचर्डसन को कंधे की सर्जरी करानी होगी
## 2024-25 के बाकी सत्र से बाहर रहेंगे

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन को इस सप्ताह के अंत में अपने कंधे की सर्जरी करवाने की तैयारी के लिए क्रिकेट से लंबे समय तक दूर रहना होगा, क्योंकि नवंबर में कंधे में समस्या हो गई थी।

शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान एक अजीबोगरीब घटना में रिचर्डसन का कंधा खिसक गया, जब वह विकेट लेने के जश्न में अपने साथी खिलाड़ी को हाई-फाइव दे रहे थे। नतीजतन, रिचर्डसन बिग बैश के बाकी सत्र से बाहर रहेंगे, लेकिन चिकित्सा विशेषज्ञों और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से परामर्श के बाद, वह अगली गर्मियों में एशेज के साथ वापसी करने का लक्ष्य बना रहे हैं। पर्थ स्कॉर्चर्स ने एक्स पर पोस्ट किया, इस सप्ताह अपने दाहिने कंधे को स्थिर करने के लिए सर्जरी कराने के बाद झाई रिचर्डसन 24-25 सीजन के बाकी बचे मैचों से बाहर रहेंगे। रिचर्डसन ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ गहन परामर्श के बाद यह निर्णय लिया।



पिछले सप्ताह रिचर्डसन ने पर्थ स्कॉर्चर्स के साथ अपने भविष्य के लिए फिर से प्रतिबद्धता जताई है, उन्होंने बीबीएल 16 के अंत तक दो साल के अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर किए हैं। 28 वर्षीय खिलाड़ी का अंतरराष्ट्रीय करियर चोटों से प्रभावित रहा है, जिसमें बार-बार हैमस्ट्रिंग की समस्या भी शामिल है। 2017 में अपने पदार्पण के बाद से, रिचर्डसन ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी प्रारूपों में केवल 36 मैच खेल पाए हैं, जिसमें उन्होंने 57 विकेट लिए हैं।

सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श और अपनी मेडिकल टीम के साथ कई चचाओं के बाद, मैंने स्थिरता में सुधार करने और भविष्य में चोट के जोखिम को कम करने के लिए कंधे की सर्जरी करवाने का निर्णय लिया है।

पिछले कुछ वर्षों से, मैं मैदान में अपने कंधे की वजह से सीमित रहा हूं और जानता हूं कि अपने साथियों का समर्थन करने में सक्षम होना कितना महत्वपूर्ण है। रिचर्डसन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, हालांकि यह एक कठिन निर्णय है, खासकर क्योंकि इसका मतलब है कि मैं स्कॉर्चर्स के साथ सीजन खत्म नहीं कर पाऊंगा, यह मुझे क्रिकेट में एक मजबूत और स्वस्थ वापसी के लिए तैयार करने का सबसे अच्छा विकल्प है।

# मुंबई की किशोरी इरा जाधव ने अंडर-19 महिला 50 ओवर के मैच में 346 रन बनाकर इतिहास रचा

**अलूर (आंध्र प्रदेश) ।** मुंबई की 14 वर्षीय इरा जाधव ने 157 गेंदों पर 42 चौकों और 16 छक्कों की मदद से नाबाद 346 रन बनाकर महिला अंडर-19 वनडे ट्रॉफी के इतिहास में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर दर्ज करके इतिहास रच दिया। रविवार को अलूर क्रिकेट ग्राउंड पर मेघालय के खिलाफ खेलते हुए इरा जाधव ने 220.38 की स्ट्राइक रेट से गेंद को हिट किया। जाधव ने किसी भारतीय द्वारा अंडर-19 में सर्वोच्च स्कोर बनाने का स्मृति मंधाना का आयु-समूह रिकॉर्ड भी तोड़ दिया क्योंकि वह बीसीसीआई द्वारा आयोजित किसी भी सीमित ओवर के टूर्नामेंट में तिहरा शतक बनाने वाली पहली भारतीय (पुरुष या महिला) बन गईं। उनके तिहरे शतक की बदौलत मुंबई ने 50 ओवरों में 563/3 का विशाल स्कोर बनाया - जो सभी टूर्नामेंटों और आयु समूहों में किसी भी भारतीय महिला घरेलू टीम द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है।



महिला अंडर-19 मैच में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का समग्र रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका की लिजेल ली के नाम है, जिन्होंने 2010 में केई के खिलाफ मपुमलांगा के लिए नाबाद 427 रन बनाए थे। पारी की शुरूआत करते हुए जाधव ने कप्तान हर्ले गाला के साथ दूसरे विकेट के लिए 274 रनों की साझेदारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिन्होंने 79 गेंदों पर 116 रन बनाए। उन्होंने 71 गेंदों पर 149 रनों का योगदान दिया। इसके बाद उन्होंने दीक्षा पवार के साथ 186 रनों की साझेदारी की, जिसमें जाधव ने सिर्फ 50 गेंदों पर 137 रन बनाए। मेघालय के गेंदबाजों ने आक्रमण के सामने संघर्ष किया, जिसमें तीन गेंदबाजों ने 100 से अधिक रन दिए। दिसंबर में, जाधव ने डब्लूपीएल 2025 नीलामी पूल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में से एक के रूप में प्रवेश किया, उनके साथ क्रमशः 13 और 14 साल की अंशु नागर भी शामिल थीं। अपनी प्रतिभा के बावजूद, जाधव मिनी-नीलामी में नहीं बिकीं। सचिन तेंदुलकर, विनोद कांबली और अजीत अगरकर जैसे क्रिकेट दिग्गजों के अल्मा मेटर - शारदाश्रम विद्यामंदिर इंटरनेशनल स्कूल की छात्र - जाधव को मलेशिया की यात्रा के लिए तैयार भारत की अंडर 19 टी20 विश्व कप टीम के लिए स्टैंडबाय में नामित किया गया था।

# गेंदबाजी एक्शन के दूसरे परीक्षण में भी विफल हुए शाकिब

ढाका। उच्च स्तरीय घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से प्रतिबंधित शाकिब अल हसन गेंदबाजी एक्शन के दूसरे परीक्षण में भी विफल साबित हुए हैं। शाकिब के गेंदबाजी एक्शन पर नई जांच पिछले महीने चेन्नई के रामचंद्र खेल विज्ञान केंद्र में हुई थी। बीसीबी ने शनिवार को अपने एक बयान में कहा, लॉफबॉरो यूनिवर्सिटी द्वारा शाकिब पर लगाया निलंबन जारी रहेगा। निलंबन की समाप्ति के लिए एक सफल जांच की जरूरत है। शाकिब गेंदबाजी करने के योग्य नहीं हैं लेकिन वह एक बल्लेबाज के रूप में सभी प्रारूप खेल सकते हैं। इंग्लैंड में सितंबर में काउंटी मैच के दौरान शाकिब के गेंदबाजी एक्शन को संदिग्ध पाया गया था । जिसके बाद पिछले साल दिसंबर में शाकिब को यूके की लॉफबॉरो यूनिवर्सिटी द्वारा गेंदबाजी एक्शन की जांच में विफल पाया गया था। अवैध गेंदबाजी एक्शन से जुड़े एआईसीसी के नियमों का पालन करते हुए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने शाकिब को निलंबित कर दिया। शाकिब का यह जारी निलंबन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बांग्लादेश के दल को भी प्रभावित कर सकता है क्योंकि 3 जनवरी को ही बीसीबी के अध्यक्ष फारूक अहमद ने शाकिब की टीम में वापसी की इच्छा जाहिर की थी। वहीं ऐसी भी खबरें सामने आई थीं कि बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो भी शाकिब को वनडे दल में शामिल किए जाने के पक्ष में हैं।




# नीरज चोपड़ा स्टार-स्टडेड इवेंट के लिए भारत में भाला फेंक के शीर्ष एथलीटों को लाएंगे

**मुंबई ।** भारतीय खेल में एक ऐतिहासिक क्षण होने का वादा करते हुए, दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा भारत में एक कॉन्टिनेंटल टूर भाला फेंक प्रतियोगिता लाएंगे। हालांकि आयोजन स्थल को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है, लेकिन यह आयोजन इस साल मई में होने वाला है।

विश्व एथलेटिक्स और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के समर्थन के साथ जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में दुनिया भर के कुछ सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला भाला फेंक खिलाड़ी - चोपड़ा की अगुवाई में - पहली बार भारतीय धरती पर प्रतिस्पर्धा करेंगे।

इस आयोजन के बारे में बात करते हुए, चोपड़ा ने कहा, भारत में एक विश्व स्तरीय भाला फेंक प्रतियोगिता आयोजित करना और लाना मेरा लंबे समय से सपना रहा है। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की मदद से, हम इसे साकार कर रहे हैं। मुझे यकीन है कि मेरे साथी एथलीट और भारत में प्रशंसक दोनों ही एक ऐसा अनुभव बनाएंगे जिसके बारे में




लंबो समय तक बात की जाएगी। मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि हम इसे कितना बड़ा बना सकते हैं।

चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स इस आयोजन को विश्व एथलेटिक्स कैलेंडर में एक वार्षिक कार्यक्रम बनाने के लिए उत्सुक हैं, जिसमें मीट में और अधिक ट्रैक और फील्ड विषयों को जोड़ने पर ध्यान दिया गया है। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के संस्थापक पार्थ जिंदल ने कहा, मैं एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और उनके नेतृत्व को भारत में एक विश्व स्तरीय कार्यक्रम लाने का यह शानदार अवसर देने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। एएफआई देश में ट्रैक और फील्ड खेलों की प्रोफाइल बढ़ाने के लिए कुछ अविश्वसनीय काम कर रहा है, और जिस तरह से वे इस आयोजन का समर्थन करने के लिए आगे आए हैं, वह उनके प्रयासों का प्रमाण है।

सितारों से सजी लाइन-अप के अलावा, ध्यान एक ऐसी प्रतियोगिता आयोजित करने पर होगा जो प्रौद्योगिकी का उपयोग करके दर्शकों के अनुभव को बढ़ाए - आयोजन में और प्रसारण के माध्यम से। आगामी आयोजन के बारे में बात करते हुए, विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष लॉर्ड सेबेस्टियन को ने कहा, विश्व एथलेटिक्स इस नए आयोजन का समर्थन करके बहुत खुश है।

# वार्ड 45 में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया कई सड़कों का उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व विधायक सुनील कुमार शर्मा ने वार्ड 45 में डूडा के अंतर्गत निर्मित कई गलियों का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर नागरिक तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। साहिबाबाद क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। इन गलियों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को जलभराव, टूटी सड़कें एवं अन्य समस्याओं से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि डूडा योजनाओं के अंतर्गत आगे भी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य जारी है। उन्होंने स्थानीय निवासियों को आश्वासन दिया कि क्षेत्र में हर आवश्यक विकास कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्ति, पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। उद्घाटन के दौरान लोगों ने केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का फूलमालाओं से स्वागत किया और क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। क्षेत्रीय पार्षद डॉक्टर सुनंद सिंह व पूर्व पार्षद विजेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्य रूप से 8 गलियों का उद्घाटन किया गया। वार्ड नंबर 45 न्यू करहेड़ा के ऊधम सिंह कॉलोनी, सुनील से विसंबर, महालक्ष्मी से धर्मेंद्र प्रसाद, धीरज से राजीव, धीरज से संजय, संचित से प्रदीप, बंटी से सुमिल के मकान तक नाली एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क का निर्माण कार्य। वही वार्ड नंबर 45 कृष्णा कॉलोनी करहेड़ा से ऋषिपाल दारोगा वाली गली, ललित चौहान से मोहित, मनोज चौहान से कांति जनरल स्टोर तथा नवीन तिवारी से सोनू के मकान तक नाली एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स का निर्माण कार्य।

जिसमे हरबीर से शिव मंदिर, महिपाल से सुभाष, अमित से ब्रह्मानंद भारद्वाज के मकान तक नाली एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क का निर्माण कार्य। इस अवसर पर अमित यादव, जातिश प्रसाद, उधम सिंह, संचित सिंह, मणिकांत सिंह, लखन लाल मिश्रा, प्रमोद कुमार सिंह, ऋषिपाल, गोविंद संभल, विक्रम सिंह बिष्ट, वरुण त्यागी, राकेश चौहान, ब्रह्मानंद भारद्वाज, महिपाल सिंह चौहान, संजय सिंह चौहान, मनोज चौहान, बृजपाल चौधरी, भूषण सिंह चौहान मंडल अध्यक्ष नीरज वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल चौहान, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा, अरुण चौहान, कार्यालय प्रभारी हरिश्चंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर लाजपतनगर में निकाली गई पद यात्रा

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लाजपत नगर मंदिर संगठन के तत्वावधान में अयोध्या राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को 1 वर्ष पूरा होने पर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला मैदान में दीप प्रज्वलित करके भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की गई। रविवार को शोभायात्रा लाजपत नगर सनी चौक से आरंभ की गई और पूरे क्षेत्र में भ्रमण किया जिसमें क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, महिला बच्चे खुशी से जय श्री राम के नारे लगाते रहे। इस अवसर पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, सनी चौक राम लीला मैदान में यात्रा का समापन किया गया। भाग लेने वाले भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया, आयोजकों ने सभी का धन्यवाद स्वागत किया। इस अवसर पर मंदिर संगठन के अध्यक्ष पंकज गोयल, महासचिव कमल पाटिल, राजेंद्र सिंह परिहार, विनोद



चौहान, निराधार शर्मा, पण्डित रुद्राक्ष, मानस चक्रवर्ती, टाक बहादुर, पंडित आशीष, मोहित शर्मा, अशोक चौधरी, मंगत सिंह, सुरेंद्र सिंह चंदेल, उमेश गुप्ता, पार्षद, हिमांशु शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पार्षद हिमांशु शर्मा ने लगाया आयुष्मान कार्ड कैंप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** परम श्रद्धेय स्वामी विवेकानंद के 162वें जन्म दिवस पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के सहयोग से लाजपत नगर वार्ड 75 पार्षद हिमांशु शर्मा द्वारा नरेंद्र मोदी की वरिष्ठ 70 प्लस वरिष्ठ नागरिकों को दी जा रही 5 लाख तक की मुफ्त इलाज की सुविधा के लिए आयुष्मान कार्ड के कैंप का आयोजन बी 122, लाजपत नगर, एल ब्लॉक पार्षद हिमांशु शर्मा के कार्यालय पर किया गया।

प्रातः 10:00 बजे से कैंप 3:00 बजे तक निरंतर भारी उत्साह भारी भीड़ के साथ चलता रहा और इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारीयों बालकिशन गुप्ता, पंडित अशोक भारतीय, सौरभ यादव, आशु पंडित, सुरेश कसाना, भूपेंद्र निहाल, शम्मी खान, संजय मित्तल आदि ने सभी को समझाया कि इसमें 5 लाख रुपए का मुफ्त इलाज आप सरकार द्वारा निर्धारित किसी भी प्राइवेट अस्पताल में कर सकते हैं और सभी ने ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनवाने की जनता से अपील की। अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जगह जगह आयोजित किये जा रहे कैंप का राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने गाजियाबाद के प्रत्येक क्षेत्र में इस कैंप को आयोजित करने का निर्णय लिया तथा कैंप में 50 से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

# मधुबन बापूधाम योजना में निमार्णाधीन रेलवे ओवर ब्रिज ने पकड़ी गति

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मधुबन बापूधाम योजना में निमार्णाधीन रेलवे ओवर ब्रिज का कार्य तेजी से प्रगति कर रहा है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने रेलवे विभाग द्वारा इस परियोजना के लिए मांगी गई अतिरिक्त धनराशि को मंजूरी दे दी है। रेलवे विभाग ने परियोजना की लागत में 11.06 करोड़ रुपये की वृद्धि की थी, जो मुख्य रूप से आरडीएसओ लखनऊ द्वारा डिजाइन में किए गए संशोधन के कारण हुई।



गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने इस वृद्धि पर सम्यक विचार कर, प्राधिकरण बोर्ड के अनुमोदन के बाद रेलवे अधिकारियों से चर्चा कर इसे स्वीकृति प्रदान की। रेलवे विभाग ने भी कॉमन पियर के निर्माण के लिए पायलिंग कार्य प्रारंभ कर दिया है। यह परियोजना न केवल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी बल्कि स्थानीय निवासियों और उद्योगों के लिए आर्थिक और सामाजिक लाभ भी प्रदान करेगी। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। गाजियाबाद विकास प्राधिकार के उपाध्यक्ष ने कहा, मधुबन बापूधाम योजना में आरओबी का निर्माण क्षेत्र के निवासियों के आवागमन को सुविधाजनक बनाने के साथ-साथ विकास के नए आयाम जोड़ेगा। रेलवे विभाग के साथ समन्वय बनाकर यह कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा। हमारा उद्देश्य है कि इस योजना के लाभ स्थानीय नागरिकों को जल्द से जल्द मिलें।

# भोपुरा मंडल में हुई भाजपा की 'संविधान गौरव अभियान' बैठक

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा संगठन के निर्देशानुसार रविवार को भोपुरा मंडल में नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष विपिन डागर के नेतृत्व में संविधान गौरव अभियान बैठक संपन्न हुई। बैठक के मुख्य वक्ता पूर्व पार्षद विनोद कसाना रहे। सर्वप्रथम बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद कुलदीप कसाना ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से परिचय एवं स्वागत किया।

बताया कि 25 जनवरी तक चलने वाले संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत मंडल के सभी शक्ति केंद्रों के सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता



टोली बनाकर संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन एवं उनके द्वारा निर्मित संविधान के बारे में लोगों को बताएंगे। मौजूद सभी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर अमर रहे के नारे लगाए। मंडल बैठक में मुख्य रूप से मंडल उपाध्यक्ष उदयवीर भोला, राजकुमार चंदेल, इंद्रजीत पाल, पार्षद रेखा गोस्वामी, संदीप सरदार, प्रियंका पांडे, बबीता, रितु सरीन, चंद्रभूषण श्रीवास्तव, राहुल पंडित, राम जैन, जितेंद्र सेन, कशिश कसाना, धर्मेंद्र शर्मा, सोनू प्रजापति, सुमित यादव

# उत्तरांचल भ्रातृ समिति ने किया जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तरांचल भ्रातृ समिति (शालीमार गार्डन, साहिबाबाद, गाजियाबाद) द्वारा 11 जनवरी 2025 को असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 50 कंबल वितरित किए गए। समिति समय-समय पर इस प्रकार के सामाजिक



कार्यों का आयोजन करती रहती है, जो समाज के कमजोर वर्गों की सहायता में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

कार्यक्रम में समिति के सभी पदाधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस मौके पर अध्यक्षः नरेश देवरानी, महासचिवः हरीश खर्कवाल, कोषाध्यक्षः नगेंद्र भंडारी, सहकोषाध्यक्षः संदीप नौगाईं, सचिवः विजय जुगरान, संगठन सचिवः दीपक बिष्ट, क्षेत्रीय सचिवः अनिल नौटियाल, रमेश बिष्ट, प्रदीप देवली मौजूद रहे। समिति की यह पहल समाजसेवा के प्रति उनके समर्पण को दर्शाती है।

# स्मृति शेष : पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में अशोक श्रीवास्तव की श्रद्धांजलि सभा संपन्न

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभाष पार्टी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्वांचल समाज के पुरोधा एवं पूर्वांचल भोजपुरी महासभा के संरक्षक और गाजियाबाद चित्रगुप्त सभा के संरक्षक अशोक श्रीवास्तव की रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 'स्मृति शेष अशोक श्रीवास्तव की श्रद्धांजलि सभा' संपन्न हुई जिसमें समाज, देश और शहर के हजारों गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा में अशोक श्रीवास्तव की धर्मपत्नी सुषमा श्रीवास्तव, पुत्र कुमार अभिनव श्रीवास्तव और पुत्री प्रियंका श्रीवास्तव द्वारा अशोक श्रीवास्तव के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर श्रद्धांजलि देने वालों में अशोक श्रीवास्तव के परिवार के सदस्य, समाज के सदस्य और मुख्य रूप से सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के संस्थापक सत्येंद्र यादव, पवन कुमार वर्मा (प्रदेश अध्यक्ष लोक जनशक्ति पार्टी), प्रदेश मंत्री बलदेव राज शर्मा, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी, अजित श्रीवास्तव, जिला लेबर कमिश्नर अनुराग मिश्रा, महेश आहूजा, पूर्व डीआईजी नित्यानंद राय, पूर्व विधायक प्रत्याशी





मनोज कुमार शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता सपा भुवन जोशी, अक्षवरनाथ श्रीवास्तव, बीएल बत्रा, सिकंदर यादव, रवि अरोड़ा, अरविंद श्रीवास्तव, पूर्व विधायक प्रत्याशी सुजीत तिवारी, अनिल मिश्रा, विनोद अकेला, वीपी पांडेय, डॉ. राजेश श्रीवास्तव, शिल्पा जैन, अनिल सिन्हा, मनोज भावुक, जेपी द्विवेदी, आरडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, अखिल भारतीय साहित्य परिषद (महानगर गाजियाबाद), अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, पूर्वांचल आदर्श जनकल्याण समिति, राष्ट्रीय व्यापार मंडल, विश्व नव मैथिली संघ, ब्राह्मण समाज गाजियाबाद, अखिल भारतीय साहित्य परिषद (गाजियाबाद इकाई), वरिष्ठ नागरिक मंच (राजनगर एक्सटेंशन), संकल्प सिद्धि फाउंडेशन (राजनगर एक्सटेंशन), फ्लैट ओनर्स फेडरेशन गाजियाबाद, अमित फाउंडेशन गाजियाबाद, पटेल एंड कंपनी सिक्योरिटी, अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ, गायत्री हॉस्पिटल, शिवमय भारत, सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल, भागीरथ सेवा संस्थान आदि-आदि श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# श्री गोलू देवता मंदिर के स्थापना दिवस पर निकली गई शोभायात्रा

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के अभय खंड 4 में बिनसर मंदिर में उत्तराखंड के गोलू देवता की मूर्ति स्थापना 2 साल पहले हुई थी, रविवार को मंदिर में मूर्ति स्थापना का दूसरा वार्षिकोत्सव उत्तराखंड के प्रवासियों ने धूमधाम से मनाया। जिसमें लगभग कई राज्यों के प्रवासी लोग भी मौजूद रहे, सुबह से ही कलश यात्रा शोभायात्रा और नगर भ्रमण बहुत धूमधाम से मनाया। जिसमें अधिकतर महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया



महिला शक्ति कलश लेकर सुशोभित हुई। सभी लोग उत्तराखंड के परिधान में सुशोभित थे कलश यात्रा के लिए बहुत लंबी लाइन लगी थी गोलू जी कर रथ बहुत सुंदर लग रहा था। लोगों ने बहुत सराहना की उसके बाद मंदिर प्रांगण में कुल देवता के भजनों का गुणगान और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए बिनसर मंदिर के अंदर पूजा अर्चना हवन आदि का कार्यक्रम भी बहुत सुंदर किया गया। गुरुजी महाराज का गुणगान किया बहुत बड़ा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें लगभग हजारों लोगों ने भंडारे का और प्रसाद ग्रहण किया।

पार्षद हरीश कड़ाकोटी ने बताया वार्ड 79 क्षेत्र में पहली बार यह इस तरह का आयोजन हुआ सभी ने प्रशंसा की और आने वाले समय में और अच्छे कार्यक्रम गोलू देवता के करने के लिए बोला मंदिर प्रधान अमर सिंह ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर मोहन सिंह नेगी, शिवराज सिंह रावत आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वरूप पार्क स्थित सपा शिविर कार्यालय में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** जीटी रोड स्वरूप पार्क स्थित समाजवादी पार्टी शिविर कार्यालय में स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि अर्पित करके समाजवादी चिन्तक राम दुलार



यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया, सपा कार्यकताओं ने युवा दिवस मनाया। महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव ने बताया कि स्वामी विवेकानंद की जयंती हर साल 12 जनवरी को मनाई जाती है। इस दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। साल 1984 से इस दिन को मनाने की शुरूआत हुई थी। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी, 1863 को कोलकाता के एक कायस्थ परिवार में हुआ था। उनका असली नाम नरेंद्रनाथ दत्त था।उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस थे। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने का मकसद, युवाओं तक उनके विचार और कार्यों को पहुंचाना है। इस दिन युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर राम दुलार यादव, वीरेन्द्र यादव एडवोकेट, मुनीव यादव, अनिल कुमार मिश्र, अंशु ठाकुर, विक्की ठाकुर, गुड्डू यादव, रोहित माथुर, जग्गू यादव, अनुराग ठाकुर, अवधेश मौर्य, नागेन्द्र मौर्य, मोनू बंसल, पंचम, हरिकृष्ण यादव, अमंर बहादुर, शिशिर यादव, नवीन कुमार, हाजी मोहम्मद सलाम, आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को धैर्य, साहस, विचारों की शुद्धता और संघर्षरत रहने का संदेश दिया : चौधरी अशु वर्मा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विवेकानंद नगर वार्ड-65 में रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती एवं नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष वरुण नागर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि पूर्व महापौर चौधरी अशु वर्मा रहे जिन्हें अपने सम्बोधन में स्वामी जी के विचारों से अवगत कराते हुए कहा कि स्वामी जी ने भारत और हिंदुत्व की विश्व में छाप छोडी। अशु वर्मा ने कहा ये सौभाग्य की बात है की आज स्वामी विवेकानंद जयंती कार्यक्रम में युवा अध्यक्ष का स्वागत किया जा रहा है। वरुण नागर को अपनी शुभकामनायें देते हुए चौधरी आशु वर्मा ने उनसे कहा की वे स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श मानकर अपने राजनैतिक जीवन की शुरूआत करे। कार्यक्रम को पार्षद नीरज गोयल, अमित त्यागी,विनील दत्त,उदित मोहन, राजकुमार नागर, पूर्व पार्षद हिमांशु लव,पूर्व मंडल अध्यक्ष दयानन्द बंसल, राष्ट्रीय व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, अशोक भारतीय, आशु पंडित सौरभ यादव ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में अंकित अरोड़ा, आशीष सक्सेना,ईश्वर शर्मा,



एडवोकेट दीपक ढींगरा विजेंद्र शर्मा,डाक्टर पिंकू, गौरव चौधरी, राहुल चौधरी,प्रेमपाल, राजीव त्यागी, भूषण शर्मा, कपिल अग्रवाल, अशोक रजक, मनोहर लाल शर्मा, पंचपाल नागर, दिनेश नागर अमित वर्मा, कौशल शर्मा सहित सेकड़ो कार्यकर्ताओ ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष वरुण नागर का माला पहनाकर व बुका भेट कर स्वागत किया।

# एक ही प्लॉट का दो लोगों को इकरारनामा

## व्यक्ति ने 7 लाख में खरीदा, किसान ने दूसरे को भी बेच दिया

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक किसान द्वारा किए गए फजीवाड़े का मामला सामने आया है। किसान ने एक ही आवासीय प्लॉट का दो अलग-अलग लोगों को इकरारनामा कर दिया। मामले में गाजियाबाद निवासी पीड़ित की शिकायत पर कोर्ट के आदेश से किसान और तीन गवाहों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीड़ित अनिल मित्तल ने बताया कि उन्होंने अट्टा फतेहपुर गांव के किसान इमामुद्दीन से 120 वर्ग मीटर का आवासीय प्लॉट 7 लाख 20 हजार रुपये में खरीदा था। सौदे के समय उन्होंने लगभग 7 लाख रुपये




बयाने के रूप में देकर इकरारनामा करा लिया था। इस इकरारनामे में उस्मानपुर गांव के जमील, इरफान और सलमु को गवाह बनाया गया था। कुछ दिन बाद पीड़ित को पता चला कि किसान और गवाहों ने मिलकर उसी प्लॉट का एक और इकरारनामा सिंहराज निवासी नोरंगपुर के नाम कर दिया है। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। स्थानीय पुलिस में शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वार्ड 83 में नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा एवं जिला प्रतिनिधि माधव सूद का हुआ स्वागत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लाजपत नगर मंडल वार्ड 83 श्याम पार्क एक्सटेंशन में नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा एवं जिला प्रतिनिधि माधव सूद का स्वागत किया गया। इस मौके पर एसपी सिंह, कुसुम सिंह, सतीश सिंह, अजय सिंह, संजय सिंह, अंकित मित्तल, एसएन सिंह, अजय कुमार, ललित मिश्रा, वेद प्रकाश, कृष्णकांत दुबे, चंदन झा, आर एस शर्मा, वीरेंद्र गुप्ता, सुनील गुप्ता, कन्हैया, रविंद्र गुप्ता, रविंद्र कोहली, राकेश सूद, गोरख गुप्ता, धर्मेंद्र दुबे, रविंद्र कुशवाहा, रमाकांत पांडे, तिलक राम पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

# लोहड़ी मिलन समारोह



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राष्ट्रीय पंजाबी युवा संगठन द्वारा लोहड़ी मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, सहारनपुर विधायक राजीव गुंबर, सहकारिता क्रय विक्रय समिति चैयरमैन वीरेंद्र सारस्वत मुख्य रूप से मौजूद रहे।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...



# नौसेना ने आठ भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

## श्रीलंकाई जल क्षेत्र में मछली पकड़ने का आरोप

**कोलंबो ।** श्रीलंकाई नौसेना ने आठ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है। उसने दो मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर भी जब्त किए हैं। गिरफ्तारियां शनिवार रात मन्नार के उत्तर में समुद्री क्षेत्र में चलाए गए एक विशेष अभियान के दौरान की गईं। इसके साथ ही इस साल अब तक 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया जा चुका है और तीन ट्रॉलर जब्त किए गए हैं।

नौसेना ने कहा कि 11 जनवरी की देर रात उत्तर मध्य नौसेना कमान ने भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं के एक समूह को श्रीलंकाई जल में अवैध रूप से मछली पकड़ते हुए देखा।

जवाब में उत्तरी नौसेना कमान ने अपने फास्ट अटैक क्राफ्ट को उतारा। इसके अलावा उत्तर मध्य नौसेना कमान ने भी एक टुकड़ी को मन्नार के उत्तर में समुद्री क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के लिए इस्तेमाल की जा रहीं भारतीय नौकाओं को पकड़ने के लिए तैनात किया। इस अभियान के तहत 2 भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं को जब्त कर लिया गया और 8 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया गया।



**श्रीलंकाई नौसेना ने रविवार को बताया कि उसने द्वीप राष्ट्र के क्षेत्रीय जल में कथित तौर पर मछली पकड़ने के लिए आठ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है**

नौसेना ने कहा कि जब्त की गई नौकाओं को भारतीय मछुआरों के साथ ईरानतिवु द्वीप पर लाया गया और उन्हें आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए किलिनोच्ची के मत्स्य पालन के सहायक निदेशालय को सौंप दिया जाएगा।

**भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों में एक विवादास्पद मुद्दा** % मछुआरों का मुद्दा भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों में एक विवादास्पद मुद्दा है। कई बार श्रीलंकाई नौसेना के कर्मियों ने पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की है। उनकी ओर से अवैध रूप से श्रीलंकाई जलक्षेत्र में प्रवेश करने की कई कथित घटनाओं में नौकाओं को भी जब्त किया गया है। तमिलनाडु को श्रीलंका से अलग करने वाली पानी की एक संकरी पट्टी पाक जलडमरूमध्य दोनों देशों के मछुआरों के लिए मछली पकड़ने का एक समृद्ध क्षेत्र है।

# क्रोएशिया में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान, रूस समर्थक माने जाने वाले मिलानोविक रेस में सबसे आगे

**जागरेब।** क्रोएशिया में रविवार को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान हो रहा है। राष्ट्रपति पद की रेस में रूस समर्थक माने जाने वाले जोरान मिलानोविक सबसे तगड़े दावेदार हैं। गौरतलब है कि मिलानोविक क्रोएशिया के निवर्तमान राष्ट्रपति हैं और एक बार फिर उनके ही इस पद पर बैठने की उम्मीद है। मिलानोविक का सामना मुख्य तौर पर क्रोएशिया की सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार ड्रागन प्रीमोराक से है। साथ ही छह अन्य उम्मीदवार भी हैं। 29 दिसंबर को हुए पहले चरण के चुनाव में मिलानोविक ने आराम से जीत दर्ज की थी। यही वजह है कि दूसरे चरण के चुनाव में भी वामपंथी मिलानोविक की जीत के आसार हैं।



### पहले चरण में हासिल की थी जोरदार जीत

पहले चरण के चुनाव में मिलानोविक को 49 प्रतिशत वोट मिले थे, वहीं प्रिमोराक को महज 19 फीसदी वोट ही मिल सके। क्रोएशिया यूरोपीय संघ और नाटो का सदस्य देश है। 38 लाख की आबादी वाला यह देश इन दिनों महंगाई, भ्रष्टाचार और कार्यबल की कमी से जूझ रहा है।

मिलानोविक (58 वर्षीय) रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन को पश्चिमी मदद के विरोधी हैं। मिलानोविक की क्रोएशिया में लोकप्रियता बहुत ज्यादा है और वह अपने राजनीतिक विरोधियों को लेकर काफी मुखर रहते हैं। इसी वजह से अक्सर उनकी तुलना अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से की जाती है।

मिलानोविक को क्रोएशिया के मौजूदा प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक का मुखर आलोचक माना जाता है। मिलानोविक अक्सर पीएम आंद्रेज के खिलाफ बयानबाजी करते रहे हैं और उन्हें और उनकी सत्ताधारी पार्टी कंजर्वेटिव क्रोएशियन डेमोक्रेटिक यूनियन पार्टी पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते रहे हैं। वहीं पीएम आंद्रेज, मिलानोविक के रूस समर्थक होने का दावा करते हैं और उन्हें क्रोएशिया के लिए खतरा बताते हैं।

# लॉस एंजिलिस की आग का राष्ट्रपति बाइडन ने उड़ाया मजाक, भड़के लोग, कमला हैरिस पर भी साधा निशाना

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन एक बार फिर लोगों के निशाने पर आ गए हैं। दरअसल बाइडन लॉस एंजिलिस में लगी आग के मुद्दे पर बैठक कर रहे थे। इस दौरान बाइडन ने कुछ ऐसा कह दिया, जिससे लोग नाराज हो गए। दरअसल बाइडन अनजाने में लॉस एंजिलिस में लगी आग का मजाक उड़ा गए। बैठक की यह वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर आ गई और लोग बाइडन के प्रति गुस्सा जाहिर कर रहे हैं।



### बाइडन की किस बात पर हुआ विवाद

दरअसल जो बाइडन ने बैठक के दौरान अपनी बात रखने के बाद बगल में बैठी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि मैं जानता हूं उपराष्ट्रपति कि आप अग्निकांड से सीधे तौर पर प्रभावित हैं तो अब आप इस पर अपनी बात रखिए। दरअसल बात रखने के लिए बाइडन ने 'फायर अवे' मुहावरे का इस्तेमाल किया, लेकिन क्योंकि यह बैठक एक आपदा को लेकर हो रही थी तो लोगों को बाइडन का इस मुहावरे का इस्तेमाल करना पसंद नहीं आया। वहीं बाइडन के इस बयान पर कमला हैरिस ने भी जिस तरह से हंसते हुए प्रतिक्रिया दी, उससे भी लोगों ने नाराजगी जाहिर की।

### सोशल मीडिया पर यूजर्स ने जताई नाराजगी

एक यूजर ने इस वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि 'क्या ये आपकी सहानुभूति है?' एक अन्य यूजर ने लिखा कि 'जिस तरह से उन्होंने (कमला हैरिस) मुंह बनाया, वो सब कुछ कहता है।' गौरतलब है कि बैठक के दौरान बाइडन ने जब अमेरिकी अग्निशमन विभाग के प्रमुख रैंडी मूर को बोलने के लिए कहा, तब भी उन्होंने 'फायर अवे' मुहावरे का ही इस्तेमाल किया। इस पर यूजर्स का कहना है कि एक बार कोई भी गलती कर सकता है कि लेकिन दोबारा से ऐसा करना साफ तौर पर लॉस एंजिलिस की आग का मजाक बनाना है।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति बाइडन पूर्व में भी कई बार ऐसे ही अपने बयानों को लेकर आलोचकों के निशाने पर आ चुके हैं। इसके लिए बाइडन की बढ़ती उम्र को लोग कारण बताते हैं। वहीं लॉस एंजिलिस में लगी आग से करीब 40 हजार एकड़ इलाका तबाह हो चुका है ।

# जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज के विरोध में उतरे मस्क, विपक्षी नेता का कर चुके हैं समर्थन

**वॉशिंगटन ।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने जर्मनी के लोगों से अपील की है कि वे जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज को अपना नेता न चुनें। मस्क का यह बयान ऐसे वक्त आया है, जब शनिवार को ही जर्मनी की सत्ताधारी पार्टी सोशल डेमोक्रेट्स ने आगामी चुनाव में ओलाफ शोल्ज को फिर से अपना नेता चुना है।



जर्मनी में 23 फरवरी 2025 को संघीय चुनाव के लिए मतदान होगा। एलन मस्क ने जर्मनी के लोगों से शोल्ज को वोट न देने की अपील की एलन मस्क ने दो खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए एक पोस्ट लिखा। इन खबरों में एक है कि जर्मनी की सत्ताधारी एसपीडी पार्टी ने ओलाफ शोल्ज को फिर से अपना नेता चुना है। वहीं एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हुई महिला को दोषियों से भी ज्यादा सजा हुई है क्योंकि उसने प्रवासियों का अपमान किया था। इन दोनों खबरों के स्क्रीनशॉट के साथ मस्क ने लिखा 'साग नेन जु शोल्ज', जिसका मतलब है कि 'शोल्ज को न कहें'। बीते दिसंबर में ओलाफ शोल्ज के नेतृत्व में चल रही सरकार विश्वास मत हार गई थी। अब जर्मनी में 23 फरवरी को आम चुनाव होने हैं। मस्क ने जर्मनी चुनाव में विपक्षी पार्टी आल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) का समर्थन किया है। 9 जनवरी को किए एक पोस्ट में मस्क ने एएफडी की नेता एलिस वीडेल का समर्थन किया था ।

# चुनाव से पहले जर्मनी में सियासी बवाल दक्षिणपंथी एएफडी का विरोध, 'नाजी' और 'भीड़' पर छिड़ा घमासान

**रीसा ।** जर्मनी में अगले महीने होने वाले आम चुनाव से पहले सियासी बवाल मचा हुआ है। चुनाव को लेकर दक्षिणपंथी राजनीतिक दल 'आल्टरनेटिव फॉर जर्मनी' (एएफडी) का विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। शनिवार को हजारों प्रदर्शनकारी सड़क पर उतरे और दक्षिणपंथी पार्टी के विरोध में नाजियों को ना के नारे लगाए। इसे लेकर एएफडी के नेता वीडेल ने प्रदर्शनकारियों को वामपंथी भीड़ और लाल रंग से रंगे नाजी बताया।

जर्मनी के पूर्वी शहर रीसा में हुई एएफडी की बैठक में 600 से अधिक प्रतिनिधियों ने आम चुनाव के लिए पार्टी की सह नेता एलिस वीडेन को चांसलर पद का उम्मीदवार चुना। वहीं ऊर्जा की ओर वापसी और अधिक कोयला बिजलीघरों की स्थापना के साथ-साथ ही रूसी गैस के लिए नॉर्ड स्ट्रीम पाइपलाइनों को शुरू करने पर जोर दिया। वीडेल ने नवीकरणीय ऊर्जा के प्रयासों को बढ़ावा देने पर भी हमला किया। उन्होंने पवन टर्बाइनों को गिराने का भी वादा किया। वीडेल ने क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन और सीएसयू को धोखेबाजों की पार्टी कहा। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य उनसे आगे निकलना है। सर्वे में दूसरे स्थान पर है एएफडी जर्मनी में अगले महीने होने वाले आम चुनाव के सर्वेक्षण में दक्षिणपंथी एएफडी जनमत सर्वे में दूसरे स्थान पर है। उसे 20 प्रतिशत लोगों का समर्थन है। जबकि पार्टी ने 22 प्रतिशत समर्थन मिलने की बात कही है। जबकि सर्वे में क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) 31 फीसद के साथ आगे है। इसके अलावा जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज की सोशल डेमाक्रेट्स 15 से 14 फीसदी के साथ तीसरे स्थान पर है।



कार्यक्रम स्थल के बाहर प्रदर्शनकारियों ने विरोध में नारे लगाए। इसके चलते बैठक दो घंटे की देरी से शुरू हो सकी।

कार्यक्रम में वीडेल ने बाहर जुटे प्रदर्शनकारियों की निंदा की और उन्होंने लेफ्ट की भीड़ और लाल रंग से रंगे नाजी करार दिया। साथ ही उन्होंने जर्मनी के भविष्य की योजना पेश की। वीडेल ने कहा कि एएफडी की सरकार बनने पर पहले 100 दिनों में जर्मनी की सीमाएं पूरी तरह से बंद की जाएगीं। इस दौरान बिना दस्तावेज यात्रा करने वालों को देश से वापस भेज दिया जाएगा। साथ ही अन्य लोगों को वापस भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि इसे पुनः प्रवासन कहा जाएगा।

इसके अलावा वीडेल ने परमाणु

### नाजियों को ना के लगे नारे

बैठक के बाहर प्रदर्शनकारियों ने नाजियों को ना के नारे लगाए। पुलिस के मुताबिक प्रदर्शनकारियों की संख्या आठ हजार थी। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि वह एक ऐसी पार्टी का विरोध करना चाहती थीं । जो बहिष्कार, भेदभाव और घृणा का प्रतिनिधित्व करती है।

# पेशावर हाईकोर्ट ने 100 अफगान संगीतकारों का निर्वासन रोका, दो माह तक किसी भी तरह की कार्रवाई पर रोक

**इस्लामाबाद ।** पेशावर हाईकोर्ट ने पाकिस्तान में राजनीतिक शरण चाहने वाले 100 अफगानिस्तानी संगीतकारों के जबरन निर्वासन पर रोक लगा दी है। साथ ही संघीय सरकार को दो महीने में उनके मामलों पर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट की दो सदस्यीय खंडपीठ ने दलीलें सुनने के बाद मामले का निपटारा कर दिया और सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे दो महीने के दौरान उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न करें।



### न्यायमूर्ति वकार अहमद की पीठ का फैसला

न्यायमूर्ति वकार अहमद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने हशमतुल्ला द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। हशमतुल्ला ने दलील दी कि वे अफगानिस्तान के रहने वाले हैं, लेकिन तालिबान सरकार की स्थापना के बाद अपनी जान को खतरा देखते हुए वे पाकिस्तान चले आए।

मामले में याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि वे पहले ही अपनी आजीविका खो चुके हैं। उन्होंने कहा, पाकिस्तान में उन्हें और अधिक उत्पीड़न तथा जबरन निर्वासन की धमकियों का सामना करना पड़ रहा है, जो मानवाधिकारों का उल्लंघन है। साथ ही उन्होंने दलील दी कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत, पाकिस्तानी सरकार उन्हें जबरन निर्वासित नहीं कर सकती।

# प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर जनकपुर में भव्य उत्सव, जलाए गए सवा लाख दीप

**जनकपुर नेपाल ।** इस उपलक्ष्य में नेपाल के ऐतिहासिक शहर और माता सीता की जन्मभूमि जनकपुर में भी भव्य उत्सव मनाया गया। यहां 1.25 लाख दीप जलाए गए।

यह कार्यक्रम बिश्वो हिंदू परिषद नेपाल के धनुषा चैप्टर द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें झांकियां, हवन, गंगा आरती और जानकी मंदिर परिसर में रंगोली बनाई गई। परिषद की युवा शाखा जानकी सेना ने समारोह की व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली।

### पिछले साल भी जलाए थे 1.25 लाख दीपः आशुतोष झा

जानकी सेना के प्रवक्ता आशुतोष झा ने बताया कि पिछले साल भी हमने 1.25 लाख दीप जलाए थे। इस साल भी प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर हमने 1.25 लाख दीप जलाए हैं। उन्होंने बताया कि गंगा आरती करने वाली टीम ने जानकी जी की आरती की और मंदिर परिसर में रंगोली भी बनाई गई। अयोध्या में श्री राम लला का हुआ महाभिषेक इस बीच, अयोध्या में भी प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर राम जन्मभूमि मंदिर में श्री राम लला का महाभिषेक किया गया।



**उत्तर प्रदेश के अयोध्या के राम मंदिर में शनिवार को भगवान राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ मनाई गई**

हिंदू कैलेंडर के अनुसार, इस साल यह समारोह 11 जनवरी 2025 को आयोजित किया गया।

पिछले साल यह पवित्र आयोजन हिंदू कैलेंडर के पौष माह के शुक्ल पक्ष की कूर्म द्वादशी को मनाया गया था। इसलिए इस वर्ष शुक्ल पक्ष 11 जनवरी को पड़ा। दामाद की घर वापसी पर सभी जनकपुरवासी उत्साहित जानकी मंदिर के महंत राम तपेश्वर दास ने कहा, 'हमारे दामाद की घर वापसी की पहली वर्षगांठ पर, जनकपुर के सभी निवासी, मिथिला, नेपाल के निवासी बहुत उत्साहित हैं। हम प्रार्थना करते हैं कि यह दिन सभी जगह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए। अयोध्या में इस अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। दिन की अग्निहोत्र से हुई, जिसमें शुक्ल यजुर्वेद के मंत्रों का जाप किया गया।

# लंदन में ओम बिरला ने 180 से अधिक भारतीय छात्रों से की मुलाकात

**लंदन ।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इन दिनों ब्रिटेन के दौरे पर है। जहां लंदन के एक होटल में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने 180 से अधिक भारतीय छात्रों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने छात्रों को संबोधित भी किया, जिस दौरान ओम बिरला ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां के छात्र अपनी मानसिकता, विचार, नवाचार क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मकता से देश को नई ऊर्जा दे रहे हैं। बता दें कि इन दिनों लोकसभा अध्यक्ष बिरला इस समय स्कॉटलैंड और ग्वेर्नसे द्वीप सहित ब्रिटेन के दौरे पर हैं।



### छात्र हमारी सबसे बड़ी ताकत- ओम बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि आज भारत की सबसे बड़ी ताकत उसके युवा छात्र हैं। युवाओं की क्षमता, आत्मविश्वास और नवाचार क्षमता लगातार बढ़ रही है। जबकि दुनिया में युवा पीढ़ी की संख्या घट रही है, वहीं भारत में युवाओं की क्षमताएं बढ़ रही हैं और यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।भारतीय छात्र की प्रतिक्रिया लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ मुलाकात के बाद वहां उपस्थित भारतीय छात्रों ने उनके नए विचारों की सराहना की, जिसमें एक भारतीय छात्र ने कहा कि मैंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नए विचार सीखे। छात्र ने कहा कि मैं इस आयोजन के लिए एचसीआई और भारत सरकार को धन्यवाद देता हूं।

छात्र अवैद जोशी ने की प्रशांसा

साथ ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ अपनी बातचीत पर विधि विश्वविद्यालय के छात्र अवैद जोशी ने कहा कि उनसे मिलने और उनकी बातें सुनने के बाद मुझे बहुत प्रेरणा मिली। जोशी ने आगे कहा कि भारतीय राजनीति में पहुंच बढ़ाने में उनका बहुत बड़ा प्रभाव था।

# लॉस एंजिलिस में आग से मरने वालों का आंकड़ा 16 हुआ

## 13 लोग लापता

**लॉस एंजिलिस के जंगलों से शुरू हुई आग ने आज शहर के बड़े हिस्से को तबाह कर दिया है। इस तबाही में मृतकों का आंकड़ा भी अब बढ़कर 16 हो गया है। साथ ही 12 हजार से ज्यादा मकान आदि तबाह हो गए हैं**

**लॉस एंजिलिस ।** इनमें कई प्रमुख हस्तियों के मकान भी शामिल हैं। लॉस एंजिलिस की आग की इसलिए भी चर्चा है क्योंकि यह पहली बार है कि जंगल की आग ने पहली बार इतने बड़े इलाके को अपनी चपेट में लिया है। खासकर अमेरिका जैसे देश में जहां तमाम संसाधन और सुविधाएं मौजूद हैं, लेकिन लॉस एंजिलिस की आग ने दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति को भी घुटनों पर ला दिया है।

आग बुझाने की तमाम कोशिशें सफल नहीं हो पा रही हैं और उस पर मौसम और मुश्किलें बढ़ा रहा है। दरअसल अमेरिकी मौसम विभाग ने चेताया है कि अगले हफ्ते और तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं।

लॉस एंजिलिस में अभी चार तरफ आग लगी है, जिसमें से द पैलीसेड्स फायर 22 हजार एकड़ इलाके में फैल चुकी है और उसमें हजारों घर तबाह हुए हैं। बड़ी संख्या में लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। साथ ही इटन और एल्टाडेना इलाकों में लगी आग भी भड़की हुई है। लॉस एंजिलिस में आग के चलते डेढ़ लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हो चुके हैं।



16 मृतकों के अलावा 13 अन्य लोग लापता हैं। लापता लोगों को तलाशना भी अग्निशमन विभाग के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है।

आग अब लॉस एंजिलिस के मैंडेविले कैन्यन इलाके तक पहुंच गई है और इसके सैन फर्नांडो घाटी और ब्रेंटवुड तक पहुंचने की आशंका है। इन इलाकों में भी कई हस्तियां रहती हैं, जिनमें मशहूर अभिनेता आर्नोल्ड श्वार्जनेगर भी शामिल हैं।

सांता एना हवाओं ने हालात को बिगाड़ दिया है और कुछ इलाकों में इन हवाओं की गति 100 मील प्रतिघंटे तक पहुंच गई है। ये शुष्क हवाएं आग पर काबू पाने की दिशा में कड़ी चुनौती बनी हुई हैं।

डेढ़ लाख के करीब और लोगों को अनिवार्य रूप से अपने-अपने मकान खाली करने का आदेश दे दिया गया है और अतिरिक्त 1,66,000 लोगों को भी मकान खाली करने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। 57 हजार और मकान-दुकानों के भी आग की चपेट में आने का खतरा पैदा हो गया है। सात जनवरी के बाद से आग में 39 हजार एकड़ इलाका जलकर तबाह हो चुका है। यह सैन फ्रांसिस्को से भी बड़ा इलाका है। एक अनुमान के मुताबिक लॉस एंजिलिस की आग में अब तक 135 अरब डॉलर से लेकर 150 अरब डॉलर का नुकसान हो चुका है। यह अमेरिकी इतिहास में आग से होने वाला सबसे बड़ा नुकसान है।

राष्ट्रपति बाइडन ने लॉस एंजिलिस की आग को आपदा घोषित कर दिया है, जिसके बाद लोगों को संघीय सरकार से मदद की उम्मीद है। राष्ट्रपति लगातार लॉस एंजिलिस प्रशासन के संपर्क में हैं और हालात र नजर बनाए हुए हैं।

# दर्शना देवी सेवा फाउंडेशन ने किया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

## रिबन काटकर जांच शिविर का शुभारंभ पूर्व मेयर अशु वर्मा ने किया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित व्हाइट लोटस एकेडमी में दर्शना देवी सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में वरदान मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पूर्व मेयर अशु वर्मा ने किया। उन्होंने रिबन काटकर व स्वर्गीय दर्शना देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशु वर्मा, कथा वाचक अरविंद ओझा, वार्ड-71 के निगम पार्षद उमेश नागर (पप्पू) और भाजपा मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी का पुष्पमाला एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया। अतिथियों ने ट्रस्ट के संस्थापक राजीव कुमार धीर एवं वरदान अस्पताल के सभी चिकित्सकों और स्टाफ को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। स्वास्थ्य जांच शिविर में उपलब्ध सुविधाएं - हड्डी रोग, जनरल फिजीशियन, स्त्री रोग, फिजियोथेरेपिस्ट, ब्लड चेक-अप, शुगर, हीमोग्लोबिन, बी.पी. सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांच सेवाएं दी गईं।




### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 265 लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित रहा, शिविर में 265 मरीजों ने पंजीकरण कराकर स्वास्थ्य जांच कराई,अधिक संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कैम्प ड्यूटी में गजेंद्र शर्मा, डॉ. अरविंद कुमार फिजिशियन, डॉ. सुनेश कुमार आर्थो, डॉ. नीलम रानी गायनी, डॉ. हेमा सैनी फिजियोथैरेपिस्ट, स्टाफ में शिवम, सोनिया, सोफिया, मनोज, रामकुमार, अंकित आदि थे। शिविर को सफल बनाने में राजकुमार




चौधरी वाइट लोटस अकादमी (प्रबंधक) ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव कुमार धीर, उपाध्यक्ष जयकिशन एवं महासचिव संजीव धीर, कोषाध्यक्ष राम रतन, सचिव सूरज शर्मा व पुनीत अग्रवाल, मीडिया प्रभारी पवन कुमार शर्मा और अन्य सदस्यों सुनील तिवारी, वी.के. श्रीवास्तव, महेंद्र चावला, प्रदीप कुमार गर्ग, विमल कुमार पत्रकार,




प्रबुद्ध द्विवेदी, समिता चौधरी, अर्चना अग्रवाल, चंचल धीर, साक्षी धीर और शकुंतला गुप्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच संचालन बी.के.एस पाल ने किया। समाज सेवा की अनूठी पहल : दर्शना देवी सेवा फाउंडेशन और वरदान अस्पताल के इस सामूहिक प्रयास ने समाज के जरूरतमंद लोगों को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई, जिसे लोगों ने सराहा। इस पहल को लेकर स्थानीय नागरिकों ने आयोजकों का आभार व्यक्त किया।




## उठते सवालों का करंट

**दीपक भाटी, समाचार सम्पादक**

- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के वैश्य नेता के साथ हो गया है गेम? सच बताऊं कोर वाली बैठक में वो थे तभी आउट ऑफ फ्रेम? ये भी पता चला है कि जो उनके खास थे उन्होंने भी नहीं रखा उनका नाम? कुछ इस तरह से कर दिया करने वालों ने उनका काम तमाम? लगता है अब पुरानी व्यवस्था पर ही चलाना पड़ेगा इस चेहरे को काम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि महानगर अध्यक्ष वाले चुनाव में दूसरा पॉवर सेंटर हो गया है पहले वाले पॉवर सेंटर से मजबूत? सुना है इस पॉवर सेंटर में हो गई है ताकतवर लेडी मैडम और ताकतवर गोयल साहब की एन्ट्री? अब मजबूत हो गया है इस सेंटर का वजूद? कहने वाले ने कहा अब बस अध्यक्ष वाली घोषणा का हो रहा है इंतजार? अगर हो गई इस पॉवर सेंटर के समर्थन वाले चेहरे की घोषणा? तो फिर उस पॉवर सेंटर का मामला कमजोर हो जायेगा यार?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी थी पीडब्लूडी गेस्ट हाऊस पर चल रही कोर वाली बैठक पर नजर? यहां पर सभी जनप्रतिनिधि कर रहे थे अपने-अपने नाम की फिक्र? कहने वाले ने कहा हम हैरान है इस बात पर कि गर्ग साहब ने अपनी राय में किसी भी गोयल का नहीं किया विरोध? नहीं दिखा उनके शब्दों में किसी को लेकर कोई प्रतिशोध? कहने वाले ने कहा हो सकता है पैनल में ना भेजा हो गर्ग साहब ने इन दो चेहरों का नाम? मगर कभी-कभी खामोशी कर जाती है हां वाला भी काम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि महानगर अध्यक्ष की दावेदारी में भगवा मास्टर जी को लग सकता है झटका? दूर हो जायेगा उनका उम्मीदों का खटका? पता चला है कि उनको थी जिस चेहरे से सबसे ज्यादा उम्मीद? उन्होंने ही नहीं की उनके नाम की चर्चा? कहने वाले ने कहा अगर हो मास्टर जी के सोर्स लखनऊ तक, तो जाकर देख सकते हैं वो 12 नामों वाला पर्चा?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा पहलवान की रावण वाली बात पर विधायक खेमे के चेहरों ने भेजा है एक पैगाम? कहने वाले कह रहे हैं जहां पर पहलवान जी दशानन वाला संकेत दे रहे हैं? वहां पर उनका गणित नहीं कर रहा है काम? अगर वो ठीक से हिसाब लगायें तो दस प्लस एक होते हैं ग्यारह? हम चाहते हैं कि उनको एरिया को पार करके कैलकुलेशन करनी चाहिए दोबारा? जहां पर नौ का हुआ है गणित, वहां पर दसवें चेहरे के तौर पर जोड़ना चाहिए उनको अपने खास का नाम? तभी पूरी होती है ये वाली संख्या? थोड़ा कैलकुलेशन पर उनको देना चाहिए फिर से ध्यान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि आप क्रान्तिकारी विधानसभा में कितना ही करो भविष्य में किसी गुर्जर चेहरे के सक्रिय होने का गुणगान? विधायक खेमे से आवाज आ रही है कि वो चाह कर भी सक्रिय नहीं हो पायेंगे श्रीमान? जैसे ही वो एक्टिव होंगे वैसे ही खोल देंगे खोलने वाले उनके चार प्लॉटों की फाईल? ये फाईल खुलते ही दूर हो जायेगी स्माईल? कहने वाले ने कहा देखना यही वजह उन्हें आगे भी रखेगी खामोश? फिर ना जाने क्यों आप किसके कहने पर उनमें भर रहे हों क्यों इतना जोश?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के अगर दस भगवा कमिश्नरों के आप लेटेस्ट वाले प्रचार पर दोगे ध्यान? तब आप देखोंगे इस प्रचार में इन सबने एक लोकप्रिय विधायक के फोटो को नहीं दिया है स्थान? कहने वाले ने कहा अब देने वाले दे रहे हैं खुल कर आर-पार का पैगाम? इसलिए फोटो से बना ली सभी भगवा कमिश्नरों ने दूरी? ऐसा इत्तेफाक की वजह से हुआ है, या फिर कुछ और ही है मजबूरी?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि फिर इस बात को कहने के बाद खींचने वाले ने खींचा फिर से हमारा ध्यान? उन्होंने कहा जब हैवीवेट वालों को शहर और मुरादनगर के मंडलों के भगवा कमिश्नरों की घोषणा पर नहीं है कोई रूचि? तो फिर एक विधायक के कुछ खास चेहरे क्यों हो रहे हैं इतना परेशान? उन्हें अब अपने दिमाग में तैयार करना होगा राजनीति का नया खाका? वो आज तक समझ नहीं पा रहे हैं कि चुनाव के बाद बदल गया है उनका इलाका?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें बात ना जाने ये क्यों नहीं लग रही है इतनी सीधी? हम तो सोचते थे कि उनका झुकाव इन वाले विधायक की ओर है? मगर जब अध्यक्ष वाली बात आई तब दूसरे विधायक के यहां पर नजर आई संगठन वाली दीदी? कहने वाले ने कहा हो सकता है दीदी ने दिया हो गुटबाजी से दूर रहने का संदेश? हमें पता है अध्यक्ष बनना चाहता है उनका भी फेस? यहां एक खेमे से जुड़कर बात नहीं बनती है? यहां तो सबके साथ जुड़ने से मजबूत होता है बेस?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा महानगर अध्यक्ष की दावेदारी में इस वक्त मजबूत है सबसे ज्यादा गोयल चेहरे का फेस? पता चला है मिस्टर गोयल का अधिकतर जनप्रतिनिधियों ने मजबूत बनाया है बेस? अब ये गोयल चेहरे कौन हैं, इस बारे में वो ही दे सकते हैं जानकारी? मगर सच ये है कि कोर में इनकी सिफारिश हुई है भारी? अगर सबकुछ ठीक रहा है तो फिर लखनऊ से इनका नाम हो जायेगा जारी?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं का सम्मान करना गौरवान्वित करने वाला है : सुनील शर्मा कैबिनेट मंत्री




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मॉडर्न कॉलेज में राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ एवं मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर गाजियाबाद के उभरते हुए युवाओं को स्वामी विवेकानंद सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुनील शर्मा ने कहा राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद सम्मान से युवाओं को सम्मानित करने से अपार हर्ष हो रहा है। उन्होंने कहा कि युवा यदि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलेंगे तो जीवन में तरक्की करेंगे, अपने जीवन को खुशहाल बनाएंगे और भारत माता की रक्षा के लिए हमेशा कार्य करेंगे।

कार्यक्रम में भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद के जीवन पर अपने बहुत ही महत्वपूर्ण विचार रखे और सम्मानित होने वाले युवाओं को अपना आशीर्वाद दिया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति की प्रदेश अध्यक्ष भक्ति सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विशिष्ट अतिथि के रूप में गाजियाबाद के प्रसिद्ध समाजसेवी विकास बंसल, दीन दयाल शरण, राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर रेनू शरण, वरिष्ठ पत्रकार विष्णु बघेल, पंडित तीर्थ प्रकाश फरसे वाले, पार्षद विजेंद्र चौहान, पार्षद गौरव सोलंकी, महानगर मंत्री संजीव झा, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मुकेश शर्मा, पंडित राधेलाल, सोनू सरपंच, पंडित अमरेश शर्मा, बिजनौर के जिला अध्यक्ष एडवोकेट विभोर कौशिक, हापुड़ के जिला अध्यक्ष ललित कौशिक, गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, अशोक पांडे, रेनू शर्मा, अंजू खोकर, शोभित शर्मा, डॉ. निशा सिंह, रजनी कौशिक, कुसुम चौहान, ईशा भारद्वाज, अर्चना शर्मा, मधु यादव, नीरज चौहान, निशि त्यागी, मोनिका अग्रवाल, प्रियंका चमोला, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा आरती मिश्रा, सीमा सिंह, सुनीता निषाद आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# महाकुंभ के कोषाध्यक्ष बनने पर के.के शर्मा ने व्यापारियों को कुंभ आने का दिया न्यौता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष के के शर्मा को महाकुंभ में अहम जिम्मेदारी मिलने पर उनके राष्ट्रीय व्यापार मंडल के गाजियाबाद जिला कार्यालय पर पहुंचने पर शानदार स्वागत अभिनंदन किया गया। केके शर्मा ने गाजियाबाद के समक्ष व्यापारियों एवं राष्ट्रीय परमल की समस्त टीम को महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशनंद गिरी महाराज द्वारा हस्तलिखित पत्र द्वारा आने का न्यौता दिया। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी विवेक त्यागी के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी, अनुशासन समिति अध्यक्ष विनीत शर्मा, सलाहकार समिति सदस्य रितेश शर्मा, प्रदेश महामंत्री सौरभ यादव, मंडल अध्यक्ष अजय सिंघल, अशोक भारतीय, आशु शर्मा, समीर शर्मा, संदीप त्यागी रसम, परमानंद सिंघल, अनिल जुल्का, प्रवीण बत्रा, नीता भार्गव, काजल छिब्बर, ज्योति तोमर, उपेन्द्र शिसोदिया, विनीत शर्मा, नीरज त्यागी आदि ने निमंत्रण पत्र को स्वीकार कर आने का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने बताया कि के के शर्मा को अहम जिम्मेदारी तय होने से अब निश्चित रूप से गाजियाबाद क्षेत्र की भागीदारी महाकुंभ में रहने, ठहरने स्नान करने में पारदर्शिता व आसानी के साथ होगी।

# अखिल भारतीय कांग्रेस ने की संगठन सृजन पर व्यापक चर्चा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय लखनऊ में अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव/प्रभारी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस अविनाश पाण्डेय के नेतृत्व व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में गाजियाबाद के कांग्रेसजनों की बैठक हुई। जिसमें संगठन सृजन पर व्यापक चर्चा हुई। और गाजियाबाद जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष के दावेदारों एक साथ कुछ बिंदुओं पर चर्चा की। संगठन सृजन को लेकर राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. एल. पुनिया, सांसद किशोरी लाल शर्मा और पूर्व सांसद दानिश अली ने गाजियाबाद के दावेदारों से संगठन को मजबूत बनाने के विषय में सवाल किए।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर पूर्व जिला अध्यक्ष बिजेंद्र यादव, निर्वतमान जिलाध्यक्ष वीनित त्यागी, वरिष्ठ नेता उमेश शर्मा, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सलीम अहमद (सैफी) महानगर निर्वतमान अध्यक्ष विजय चौधरी, सुनील चौधरी,यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष आसिफ सैफी, अमोल वशिष्ठ, मनोज कौशिक, सुनील शर्मा, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, नरेंद्र राठी, सुशांत गोयल, लोकेश चौधरी, अश्विनी त्यागी, पुष्पा रावत,अनुज तैवतिया, वीर सिंह जाटव आदि उपस्थिति रहे।

# नवनियुक्त इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता का हुआ स्वागत

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** हाल ही में नवनियुक्त इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता का क्षेत्र में स्वागत किया गया। जिसमें नवीन कुमार शर्मा, पराग गोयल, संजय राजदान, विपिन गोयल, एसके तायल, गीता सिंह, राजेश जैन, केशियर, मीनाक्षी बंसल, मयंक सिंघल, सुशील गोयल, राजेश गुप्ता, एल बी माहेश्वरी, आशीष शर्मा सभी सहयोगियों से बात करते हुए कहा कि सबको साथ लेकर चलना है। उन्होंने समर्थन के लिए सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह सभी के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि पार्टी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जा सके। इस स्वागत के दौरान मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता के प्रति लोगों का विश्वास और समर्थन स्पष्ट रूप से सामने आया। स्थानीय निवासियों ने अपने नेतृत्व में विकास के नए आयामों की आशा की है। अजय गुप्ता, पंकज सक्सेना, मुक्ता अग्रवाल, नीरज सक्सेना, अंकुर अग्रवाल, मनोज सक्सेना, रुचि सक्सेना, रीमा श्रीवास्तव, नरेंद्र सतीश शर्मा, अनिल होल्कर आदि लोग मौजूद रहे।




# वार्ड 57 में सफाई कर्मचारियों की मांग को लेकर नगरायुक्त को दिया पत्र

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 57 न्यायखण्ड-2 की गलियों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। जगह-जगह फैली गंदगी के चलते वार्ड के लोगों में भी काफी रोष है। लोगों का कहना है कि न तो वार्ड में पर्याप्त सफाई कर्मचारी तैनात हैं और न ही डस्टबीन। इन हालातों में दुर्गंधमय माहौल रहता है। स्वच्छता अभियान को विभागीय अनदेखी के चलते पलीता लग रहा है। लोगों का कहना है कि एक तरफ सरकार एवं प्रशासन स्वच्छता मिशन के दावे करता है दूसरी ओर गलियों में बिखरा कूड़ा सौंदर्यकरण को ग्रहण लगा रहा है। कूड़े में पड़ी थैलियां हवा के साथ इधर-उधर बिखर जाती हैं वहीं यहां घुमंतू पशुओं की संख्या ज्यादा रहती है। क्षेत्रीय पार्षद राधेश्याम त्यागी का कहना है कि वार्ड में सफाई कर्मचारी 17 हैं, जो कभी 10 ही आते हैं। वार्ड 57 बड़ा वार्ड है, जीडीए की जो सफाई की गाड़ी पहले आ रही थी। वह बंद हो गई जिस कारण क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की स्थिति खराब है। इस इस समस्या को को लेकर पार्षद ने नगर आयुक्त को पत्र भी लिखा है। उन्होंने कहा है कि वार्ड में 40 सफाई कर्मचारी की व्यवस्था की जाए, जिससे वार्ड 57 साफ रह सके। उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा है कि जीडीए द्वारा जो सफाई क्षेत्र की की जा रही थी, चार-पांच गाड़ियां आती थी। जो वार्ड में सफाई व डॉट कूड़ा उठती थी। लेकिन इस समय वह गाड़ी नहीं आ रही, जिस कारण सफाई व्यवस्था चरमरा गई है, क्षेत्र के लोग परेशान हैं।



# पूर्व पार्षद सरदार सिंह भाटी और पार्षद रवि भाटी ने किया ओपन जिम का उद्घाटन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गौरी शंकर पार्क शालीमार गार्डन मैन में रविवार को अधिवक्ता सरदार सिंह भाटी और पार्षद रवि भाटी ने रिबन काटकर ओपन जिम का उद्घाटन किया। अधिवक्ता सरदार सिंह भाटी ने बताया इस पार्क में जिम के लिए काफी समय से यहां के स्थानीय निवासीगण मांग कर रहे थे जिसके लिए मैंने कई बार प्रयास किया और आज यहां ओपन जिम का निर्माण कार्य सम्पूर्ण हुआ।

पार्षद रवि भाटी ने बताया गौरी शंकर सोसाइटी शालीमार गार्डन मैन के निवासियों की काफी समय से ओपन जिम की मांग थी। ओपन जिम ना होने के कारण यहां की महिलाएं, बुजुर्ग एवं युवाओं को आसपास के पार्कों में एवं जिम सेंटर में दूर जिम एवं व्यायाम करने के लिए जाना पड़ता था। अब इनके ब्लॉक के पार्क में ओपन जिम लगने से स्थानीय निवासियों को काफी फायदा मिलेगा। व्यायाम करने से सभी का स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और क्षेत्रवासीगण स्वस्थ रहेंगे।

इस ओपन जिम के लिए मैं महापौर सुनीता दयाल, सांसद अतुल गर्ग, विधायक सुनील शर्मा एवं पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी और स्थानीय निवासियों का धन्यवाद करता हूं। इनके प्रयासों से ओपन जिम आज गौरी शंकर पार्क में लगवाया गया है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Sanjeev Gupta is with Rajeev Gupta and 4 others.
6h

Thanks, 🙏 Bureau of Indian Standards
आज भारतीय मानक ब्यूरो के 78 वें स्थापना दिवस पर समरकूल के डायरेक्टर और मेरे अनुज पुत्र प्रिय आशुतोष गुप्ता ने, भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) के द्वारा, समरकूल एयर कूलर को दिया गया देश का पहला ISI सर्टिफिकेट प्राप्त किया। इस महत्वपूर्ण सफलता में हमारे समरकूल ग्रुप के सभी साथियों और देश भर के अनगिनत उपभोक्ताओं का बहुत बहुत धन्यवाद। बहुत बहुत आभार।आज के इस अनमोल पलों के साक्षी हमारे वाइस प्रेजिडेंट अजय माथुर भी साथ रहें।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समरकूल चैयरमैन संजीव गुप्ता ने उस पल को फेसबुक पर साझा किया। जब उनके सुपुत्र और कंपनी के डायरेक्टर आशुतोष गुप्ता ने समरकूल एयर कूलर को मिला देश का पहला आईएसआई सर्टिफिकेट प्राप्त किया। सफलता की गाथा को खुद में समेटे यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।